www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 223 || अम्बेडकरनगर
गुरुवार
05 नवम्बर 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव

दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:18
सूर्यास्तः 05:22
अधिकतमः 31°00
न्यूनतमः 17°00

पेज 07

विशेष समाचार | प्रदूषण पर राजनीति का... >>पेज 04 | कार पलटने से उपभोक्ता... >>पेज 06 | आयुष्मान खुराना को लॉरेंस...

नितिन नवीन ने कहा-उनका लॉचिंग पैड ही खराब, गोरखपुर में मुस्लिम भी शामिल हुए

राहुल का धुआं निकला : योगी

पदयात्रा

- पदयात्रा के दौरान सीएम योगी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी सहित अन्य नेताओं ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । यूपी में बुधवार को भाजपा ने गोरखपुर, कानपुर और प्रयागराज में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' रैली निकाली। गोरखपुर में सीएम योगी ने कहा- आप लोगों ने सपा अध्यक्ष का बयान पढ़ा होगा। दिल्ली का उनका बयान बड़ा विचित्र सा बयान था। वे कहते हैं कि अगली पीढ़ी हर लाठी और हर जख्म का बदला लेगी। सपा के बबुआ को थोड़ा समझाइए, लोकतंत्र में बदला नहीं, जनता बदलाव करती है। उन्होंने कहा- जैसे 2014 में देश के अंदर जनता ने बदलाव किया था, 2017 में प्रदेश में किया था। और यह बदलाव की ताकत कांग्रेस या समाजवादी पार्टी में नहीं, यह बदलाव जनता जनार्दन के बल पर हुआ था। जनता जनार्दन ही बदलाव करके दिखाती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी गोरखपुर में थे। उन्होंने माइक संभालते ही भोजपुरी में लोगों का हालचाल पूछा रउवा सब ठीक बानी ना?

>> (शेष पेज 06 पर)

- योगी बोले-बबुआ को समझाइए, जनता बदला नहीं बदलाव करती है

कानपुर में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक बोले- माफिया 'भैया' के इंतजार में बैठे

कानपुर में डिप्टी सीएम ब्रजेश ने 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा निकाली। वह करीब एक किलोमीटर तक पैदल चले। अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा- जेलों में बंद माफिया इस इंतजार में बैठे हैं कि कब भैया की सरकार आए और वे बाहर निकलकर फिर जनता पर अत्याचार करें।

पाठक ने विपक्ष पर संविधान और लोकतंत्र विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा पदयात्रा के जरिए जनता को विपक्ष की राजनीति के बारे में बताएगी। साथ ही दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा फिर प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी।

> नितिन नवीन ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा-जिस लॉचिंग पैड की चर्चा मुख्यमंत्री जी आप कर रहे थे, उसका केवल रॉकेट ही नहीं खराब है। उसका लॉचिंग पैड भी खराब है, जो ऐसे-ऐसे नेता को पैदा करता है।

जयंत बोले- गोरखपुर देश को दिशा देता है

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि गोरखनाथ की धरती पर आना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात है। यह क्रांतिकारियों की धरती है। मैं फिराक गोरखपुरी का एक नज्म कहकर अपनी वाणी को विराम देता हूं। ज़मीं भी जाग रही है, फ़लक भी जाग रहा है, उठो कि कारवाँ-ए-बेदारी-ए-वतन जाग रहा है। चलो, उठो, आगे बढ़ो।

> नितिन नवीन ने कहा कि जिस लॉचिंग पैड की चर्चा मुख्यमंत्री जी आप कर रहे थे, उसका केवल रॉकेट ही नहीं खराब है। उसका लॉचिंग पैड भी खराब है, जो ऐसे-ऐसे नेता को पैदा करता है।

प्रयागराज में भाजपा की पदयात्रा में पहुंचे केशव मौर्य, बोले- राहुल गांधी पीएम नहीं बन सकते

प्रयागराज में भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा' में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शामिल हुए। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे अपने दादा का नाम नहीं लेते, क्योंकि उनके नाम के साथ फिरोज खान जुड़ा है। केशव ने कहा कि राहुल गांधी अगले 30 साल तक प्रधानमंत्री और अखिलेश यादव अगले 30 साल तक यूपी के मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। भाजपा ही वर्तमान और भविष्य है। सिविल लाइंस स्थित धरना स्थल पर 3 हजार से अधिक कार्यकर्ता पहुंचे। मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी 250 बाइकों की रैली के साथ पहुंचे। पदयात्रा धरना स्थल से शुरू होकर सुभाष चौराहे स्थित शहीद वॉल तक जाएगी।

गोरखपुर में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने पदयात्रा की।

तिरंगा हाथों में लेकर निकले सीएम योगी, नितिन नवीन

गोरखपुर में पदयात्रा महाराणा प्रताप कॉलेज कैंपस से शुरू हुई। रैली के बाद सीएम योगी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, राष्ट्रीय मंत्री संगीता यादव, निषाद पार्टी के संजय निषाद सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर निकले।

कैबिनेट बैठक : देश में 850 फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनेंगी

क्रिटिकल खनिजों की प्रोसेसिंग को मंजूरी

फैसला

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए हैं। इनमें यौन शोषण-रेप केसों के जल्द निपटारे के लिए 850 फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाने को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि बिजली स्टोर करने के लिए कैबिनेट ने 92 गीगावाट-घंटे क्षमता वाली ग्रिड स्केल एनर्जी स्टोरेज कैपेसिटी योजना के लिए 14,500 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी है। इसके अलावा डेटा कलेक्शन सिस्टम को अपग्रेड करने के लिए 4,371 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी गई है। साथ ही

- बिजली स्टोर करने की क्षमता बढ़ाने के लिए 14,500 करोड़ रुपए मंजूर

क्रिटिकल खनिजों की प्रोसेसिंग के लिए भी एक योजना स्वीकृत की गई है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 92 GWh ग्रिड स्केल एनर्जी स्टोरेज कैपेसिटी योजना को मंजूरी देने का उद्देश्य बिजली को बड़े पैमाने पर स्टोर करना है।

>> (शेष पेज 06 पर)

चुनाव आयुक्तों को आजीवन छूट के खिलाफ याचिका

सुप्रीम कोर्ट का केंद्र-चुनाव आयोग को नोटिस

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयुक्तों को आजीवन मिलने वाली कानूनी छूट को लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है।

2023 की धारा 16 के तहत मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) और अन्य चुनाव आयुक्तों को अपने सरकारी कामकाज के दौरान किए गए फैसलों के लिए आपराधिक मुकदमों से आजीवन कानूनी सुरक्षा दी गई है। याचिका में धारा 16 पर सवाल उठाया गया है कि क्या चुनाव आयुक्तों को इस तरह कानूनी कार्रवाई से छूट देना संविधान के अनुरूप है। CJI सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची तथा जस्टिस वी. महादेवन की पीठ ने यह नोटिस जारी किया। याचिका सामाजिक कार्यकर्ता और वकील अरुण कुमार अग्रवाल ने दायर की है।

- 2023 एक्ट की धारा-16 के तहत इम्यूनिटी मिली है

>> (शेष पेज 06 पर)

फास्ट न्यूज

गुवाहाटी शूटआउट का आरोपी एनकाउंटर में मारा गया

गुवाहाटी। असम के शिवसागर जिले में बुधवार को पुलिस फायरिंग में गुवाहाटी होटल गोलीकांड के आरोपी घनकांत गोगोई की मौत हो गई। उस पर 26 अक्टूबर को होटल में 5 लोगों की गोली मारकर हत्या का आरोप था।

घटना | आरोप

क्लासरूम में 9 साल की बच्ची की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के मयूर विहार फेज-2 स्थित एक स्कूल में 9 साल की बच्ची की क्लासरूम में मौत हो गई। तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली बच्ची टीचर से बात कर रही थी, तभी अचानक क्लासरूम के फर्श पर गिर गई। स्कूल के स्टाफ ने उसे तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया। बाद में उसे निर्माण विहार के मलिक हॉस्पिटल में रेफर कर दिया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में डॉक्टर्स ने कार्डिएक अरेस्ट से मौत होने की आशंका जताई है। हालांकि, मौत की असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगी।

दिल्ली हाईकोर्ट बोला- शादी से परेशान बेटी का साथ दें

नई दिल्ली । दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि अगर कोई बेटी अपनी शादी में हिंसा या प्रताड़ना की शिकायत करती है, तो माता-पिता को उसकी बातों को गंभीरता से लेना चाहिए।

उसे यह कहकर चुप नहीं कराना चाहिए कि शादी बचाने के लिए समझौता कर ले।

सीईसी ज्ञानेश पर 20 साल पुराने आरोप की जांच होगी

केरलम में 2 करोड़ रिश्वत मांगने का आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

तिरुवनंतपुरम । मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 20 साल पुराने रिश्वत मांगने के आरोपों की जांच होगी। केरलम के गृहमंत्री मेश चेन्निथला ने विजिलेंस को जांच के आदेश दिए हैं।

यह मामला सड़क निर्माण प्रोजेक्ट से जुड़ा है। उस समय ज्ञानेश कुमार राज्य में PWD सचिव थे। कोल्लम के ठेकेदार साजन का आरोप है कि ज्ञानेश कुमार ने केरल स्टेट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट (KSTP) का काम पूरा होने के बाद पेमेंट करने के बदले 2 करोड़ की रिश्वत मांगी थी।

इस समय कांग्रेस की अगुवाई में पूरे देश में ज्ञानेश कुमार के खिलाफ SIR में गड़बड़ी के आरोप लगाए जा रहे हैं। इसी साल मई में हुए विधानसभा चुनाव में केरलम में कांग्रेस की अगुवाई वाले UDF ने 140 में से 97 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया। कांग्रेस ने यहां 10 साल बाद सत्ता में वापसी की है।

- साजन का आरोप- रिश्वत के चलते बीन ने आत्महत्या की

>> (शेष पेज 06 पर)

'दो से ज्यादा बच्चे होने पर चुनाव से रोकना गलत'

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दो से ज्यादा बच्चे होने पर चुनाव लड़ने से रोकने वाले कानून अब प्रासंगिक नहीं रह गए हैं। कोर्ट ने बताया कि भारत की कुल प्रजनन दर 2003 में 3 थी, जो अब घटकर 1.9 रह गई है। 2.1 की प्रजनन दर को रिप्लेसमेंट रेट माना जाता है।

इससे कम प्रजनन दर का मतलब है कि एक पीढ़ी अपनी जगह अगली पीढ़ी को पूरी तरह नहीं ले पाएगी। कोर्ट ने कहा कि प्रजनन दर में गिरावट से बुजुर्गों की आबादी बढ़ सकती है और कामकाजी लोगों की संख्या घट सकती है। इन बदलावों को नजरअंदाज करने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने महाराष्ट्र की पूर्व सरपंच मंगला भीमराव को राहत दी। उन्हें तीसरे बच्चे के जन्म के कारण अयोग्य ठहराया गया था।

सभी अग्निवीर बन सकेंगे परमानेंट सैनिक

सर्विस भी 4 से बढ़ाकर 6 साल, अभी 25% को पक्की नौकरी, बाकी बाहर होते थे

ऐलान

- एयरफोर्स ने पहले बैच के 712 अग्निवीरों को परमानेंट किया

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । अग्निवीर अब 4 नहीं, 6 साल तक नौकरी कर सकेंगे। इसके बाद वे सेना में बने रहना चाहते हैं, तो यह चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा। पास हुए, तो परमानेंट कमीशन भी मिलेगा।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने बुधवार को यह ऐलान किया। इससे तीनों सेनाओं में तैनात करीब 3.18 लाख अग्निवीरों को फायदा होगा।

दो साल की अतिरिक्त नौकरी में अग्निवीरों को बढ़ी हुई सैलरी-भत्ते मिलेंगे। इससे पहले हर बैच के 25% को मेरिट के आधार पर नियमित सैनिक बनाने और बाकी 75% को चार साल की सर्विस के बाद फोर्स छोड़ने का प्रावधान था। अग्निपथ योजना 14 जून 2022 को शुरू हुई थी। इसके तहत थल सेना, नौसेना और वायुसेना में चार साल के लिए अग्निवीरों की भर्ती की जाती है। भर्ती की प्रक्रिया और योग्यता तीनों सेनाओं में अलग-अलग होती है।

> पिछले महीने एयरफोर्स ने अपने पहले अग्निवीर बैच के 2,850 रिक्रूट्स में से 712 को नियमित सेवा में बनाए रखने का फैसला किया था।

दिसंबर तक 18,300 अग्निवीरों का कार्यकाल पूरा होना था

आंकड़ों के मुताबिक 31 दिसंबर तक पहले बैच के करीब 18,300 अग्निवीरों का चार साल का कार्यकाल पूरा होने वाला है। ये पहले बैच में भर्ती हुए 24,400 अग्निवीरों का करीब 75% हैं।

पहले तय योजना के मुताबिक नवंबर के मध्य से 75% अग्निवीरों को चरणबद्ध तरीके से सेवा से बाहर किया जाना था। नई व्यवस्था के तहत अब इन्हें दो साल का अतिरिक्त समय मिलेगा। यह सेवा विस्तार अग्निवीरों की सहमति से होगा।

राहुल गांधी को राजभर की खुली चुनौती : कांग्रेस के 60 साल के शासन से लेकर किसी भी मुद्दे पर चर्चा को तैयार होने का दावा

'पहले मुझसे करें बहस'

दावा

- अखिलेश यादव को भी घेरा काशी, अयोध्या और मथुरा जाने को लेकर उठाए सवाल

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने बुधवार को सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखे राजनीतिक हमले किए। उन्होंने राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बहस करने से पहले खुद उनसे आमने-सामने चर्चा करने की चुनौती दी। राजभर ने कहा कि कांग्रेस के 60 साल के शासन या राहुल गांधी के पसंद के किसी भी मुद्दे पर वह बहस के लिए तैयार हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए राजभर ने आरोप लगाया कि उनकी राजनीति भाजपा का नाम लिए बिना नहीं चलती। उन्होंने कहा कि मुस्लिम वोट बैंक की नाराजगी के डर से अखिलेश काशी, अयोध्या और मथुरा जाने से बचते हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

> कहा कि जिस तरह बाली के सामने जाने पर विरोधी का आधा बल खत्म हो जाता था, उसी तरह मोदी के सामने राहुल गांधी की ताकत भी आधी रह जाएगी। राजभर ने राहुल गांधी पर देश के खिलाफ बयान देने का आरोप भी लगाया।

राहुल की चुनौती पर राजभर का पलटवार, मोदी का भी किया जिक्र

राजभर ने कहा कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिए बिना राजनीति नहीं कर सकते। उन्होंने दावा किया कि मोदी के सामने बैठते ही राहुल गांधी का आधा बल खत्म हो जाएगा। अपनी बात के समर्थन में उन्होंने पौराणिक प्रसंग का हवाला दिया।

कांग्रेस-सपा पर घुसपैठियों के वोट का सहारा लेने का आरोप

राजभर ने कांग्रेस और सपा पर घुसपैठियों के वोट के सहारे सत्ता हासिल करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने शिवराज सिंह चौहान के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि जनता राहुल गांधी और अखिलेश यादव को नकार चुकी है। राजभर के मुताबिक, सत्ता से बाहर होने के बाद विपक्षी दल परेशान हैं, जबकि एनडीए सरकार सत्ता में रहकर जनता की सेवा कर रही है।

होर्मुज से भारतीय जहाजों को गुजरने देगा ईरान

इसी रूट से 40% कच्चा तेल मंगाता है भारत

छूट

तमसा संकेत, एजेंसी

तेहरान । ईरान ने करीब 8 महीने बाद भारतीय जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की छूट दे दी है। अब भारतीय जहाज इस रास्ते से बिना किसी रोक-टोक के गुजर सकेंगे।

ईरान ने चीन, इराक और कतर के जहाजों को भी यह छूट दी है। 28 फरवरी से इस रास्ते पर जहाजों की आवाजाही पर पाबंदियां लगी हुई थीं। भारत अपने कुल कच्चे तेल आयात का करीब 40% इसी रास्ते से मंगाता है।

ईरान की न्यूज वेबसाइट ईरानवायर और अनादोलू एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के उपाध्यक्ष अहमद हयात-मोगद्दम ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

- भारत को दवाओं की सप्लाई के लिए मिली छूट
- भारत के लिए क्यों अहम है होर्मुज स्ट्रेट

>> (शेष पेज 06 पर)

20 जिलों में पारा, 20 डिग्री सेल्सियस से कम, नोएडा-गाजियाबाद की हवा खराब

यूपी में ठंड बढ़ी, लखनऊ समेत 10 शहरों में कोहरा

सतर्क

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ । यूपी में ठंड ने दस्तक दे दी है। सुबह और शाम हल्की ठिठुरन महसूस होने लगी है। बुधवार सुबह लखनऊ, बरेली, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज और संभल समेत 10 शहरों में घना कोहरा छाया रहा। कई जगहों पर विजिबिलिटी घटकर 50 मीटर तक रह गई। ग्रामीण इलाकों में 10 मीटर दूर देखना मुश्किल हो गया।

प्रदेश में मंगलवार को मुजफ्फरनगर सबसे ठंडा शहर रहा, जहां रात का तापमान 15.3C रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा, हरदोई, मेरठ और बरेली समेत 20 शहरों में न्यूनतम तापमान 20C से नीचे पहुंच गया। लखनऊ में रात का पारा 19.9C दर्ज हुआ। दिन में धूप का असर कम होने से गर्मी लगभग खत्म हो गई है। इधर, NCR के नोएडा, गाजियाबाद, हापुड़ और बागपत में हवा की गुणवत्ता खराब होने लगी है। नोएडा की हवा सबसे ज्यादा खराब है, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 405 पहुंच गया। बाकी जगह AQI 300 के पार पहुंचकर 'रेड जोन' (खराब श्रेणी) में दर्ज किया गया है। कई इलाकों में धुंध की परत दिखाई दी।

लखनऊः राजधानी में सुबह घना कोहरा छाया रहा। हालांकि, धूप निकलने के साथ कोहरा छट गया। पारा 20 डिग्री के नीचे पहुंच गया। इससे ठिठुरन का एहसास हुआ।

4 जिलों की हवा सांस लेने लायक नहीं, प्रदूषण को रोकने के लिए ग्रेप-2 लागू

दिवाली से पहले NCR के जिलों की हवा रेड जोन में पहुंच गई है। प्रदूषण को देखते हुए पूरे एनसीआर में ग्रेप-2 लागू कर दिया गया है। नगर निगम सड़कों पर पानी का छिड़काव करा रहा है। खुले में कचरा जलाने पर रोक लगाने के साथ धूल उड़ने वाले स्थानों पर भी निगरानी रखी जा रही है।

डीजल से चलने वाले इंजनों पर पाबंदी लगा दी गई है। होटल, ढाबों और रेस्टोरेंट के तंदूर में कोयला-लकड़ी जलाने पर रोक लगा दी गई है। तारकोल से सड़क बनाने जैसे प्रदूषण बढ़ाने वाले कामों पर भी रोक लगाई गई है।

> वाराणसी बीएचयू के मौसम वैज्ञानिक प्रो. मनोज श्रीवास्तव ने बताया- बंगाल की खाड़ी से उठे नए तूफान का यूपी पर कोई सीधा असर नहीं पड़ रहा। हालांकि, कुछ हिस्सों में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। दिवाली वाले हफ्ते में ठंड और बढ़ेगी और सुबह के वक्त कोहरा बना रहेगा।

कानपुरः सुबह से सर्द हवाएं चल रही हैं। इससे ठंडक का एहसास हो रहा है। आसमान साफ है। धूप निकली है। शाम को एक बार फिर मौसम बदलेगा।

वाराणसीः सुबह घना कोहरा छाया रहा। फिलहाल मौसम साफ है। ठंडी हवाएं चल रही हैं। हवा में नमी की वजह से सर्दी बढ़ने लगी है। हल्की धूप निकली है। फिलहाल बारिश का कोई अनुमान नहीं है।

बरेलीः सुबह की शुरुआत घने कोहरे और हल्की ठंड के साथ हुई। तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया। स्कूली बच्चे और मॉर्निंग वॉकर्स गर्म कपड़ों में नजर आए।

संभल में कोहरा बारिश की छोटी-छोटी बूंदों की तरह पड़ा। लोगों को ठंड महसूस हुई।

अनंब तूफान की वजह हुई लगातार बारिश से फसलों को हुए नुकसान पर सीएम योगी एक्शन में हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को फील्ड में उतरकर तत्काल फसल को हुए नुकसान का आकलन कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही फसल बर्बादी पर तत्काल मुआवजा देने के लिए कहा।

गोरखपुर-जेल में बंद प्रेमी से बुर्के में मिलने जाती गर्लफ्रेंड

मुलाकात कोटा खत्म होने से बिना मिले लौट रहे मां-बाप

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर । गोरखपुर जेल में बंदियों से मुलाकात की व्यवस्था का कुछ बंदी गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। खासकर पॉक्सो एक्ट के मामलों में निरुद्ध बंदियों से मिलने के लिए उनकी प्रेमिकाएं जेल पहुंच रही हैं।

सप्ताह में तीन मुलाकात होती है, जिसे गर्लफ्रेंड इस्तेमाल कर लेती हैं। जब बंदी के परिजन पहुंचते हैं, तो कोटा खत्म होने का हवाला देकर बिना मुलाकात कराए वापस भेज दिया जाता है। जेल प्रशासन के पास ऐसी शिकायतें पहुंच रही हैं। जिसके बाद खासकर पॉक्सो एक्ट के बंदियों की मुलाकात में कड़ाई बरती जा रही है। कई बार तो गर्लफ्रेंड चेहरा छिपाने के लिए बुर्का पहनकर भी पहुंचती हैं।

जिला जेल में वर्तमान में कुल 1236 कैदी निरुद्ध हैं। इनमें 123 बंदी पॉक्सो एक्ट के मामलों में बंद हैं, जबकि 124 महिला बंदी भी जेल में निरुद्ध हैं। बड़ी संख्या में बंदियों के बीच मुलाकात की व्यवस्था बनाए रखना जेल प्रशासन के लिए चुनौती है।

इसी व्यवस्था का फायदा उठाकर कुछ पॉक्सो के बंदी अपने माता-पिता के निर्धारित मुलाकात के मौके पर प्रेमिकाओं को बुला रहे हैं। इससे वास्तविक परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शिकायतें सामने आने के बाद जेल प्रशासन ने मुलाकात व्यवस्था को और सख्त करने का निर्णय लिया है। अब पॉक्सो एक्ट में निरुद्ध बंदियों से मिलने आने वाले माता-पिता को अपने आधार कार्ड की फोटो कॉपी जमा करनी होगी।

फास्ट न्यूज

हत्या के पांच आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी। बाराबंकी के बड़ूपुर थाना क्षेत्र में नीतेश मौर्य की हत्या के मामले में पुलिस ने बुधवार दोपहर 1 बजे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से वारदात में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो और काली थार के साथ खून से सने कपड़े भी बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, मामले की जांच के दौरान आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी बीच मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर बड़ूपुर पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

10 साल पुराने सर्किल रेट पर जमीन अधिग्रहण का विरोध

गोरखपुर । एक तरफ शहर के विस्तार और विकास की योजनाएं बनाई जा रही हैं, वहीं दूसरी तरफ किसानों की जमीन का अधिग्रहण पुराने सर्किल रेट पर किए जाने को लेकर विरोध तेज हो गया है। नया गोरखपुर बसाने की योजना और गीडा समेत अन्य परियोजनाओं में वर्ष 2016 के सर्किल रेट पर जमीन अधिग्रहण के विरोध में समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य कुंवर प्रताप सिंह मंगलवार को आमरण अनशन पर बैठ गए। उन्होंने गोलघर स्थित टाउनहाल में गांधी प्रतिमा के सामने सुबह 11 बजे से अनशन शुरू किया।

क्यूएस एशिया रैंकिंग में डीडीयू का शानदार प्रदर्शन

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग एशिया-2027 में 1101-1200 रैंक बैंड में जगह बनाई है। दक्षिण एशिया की रैंकिंग में 16.3 स्कोर के साथ 354वां स्थान हासिल किया है। ऑल इंडिया रैंकिंग में विश्वविद्यालय 194वें स्थान पर रहा। उत्तर प्रदेश की स्टेट यूनिवर्सिटीज में पांचवीं रैंक मिली है।

पानी बिन मछली की तरह तड़प रहे राहुल गांधी

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहस की चुनौती देने पर राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सत्ता के बिना पानी बिन मछली की तरह तड़प रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के विकास और उसे आर्थिक महाशक्ति बनाने की चिंता है। काशी में आयोजित संस्कृति संसद में शामिल होने पहुंचे शिंदे ने कहा कि यह राजनीतिक मंच नहीं है। वह यहां संत-महंतों का आशीर्वाद लेने आए हैं। हालांकि, उन्होंने राहुल गांधी की चुनौती पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री देश को आगे बढ़ाने में जुटे हैं, लेकिन विपक्ष को देश की प्रगति हजम नहीं हो रही है। शिंदे ने कहा कि देश की जनता विपक्ष को तीन बार नकार चुकी है। विपक्ष के लिए यह रिजेक्शन की हैट्रिक है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री पर बार-बार आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का लक्ष्य देश का विकास करना और भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाना है। एकनाथ शिंदे ने राहुल गांधी और विपक्ष पर संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और सर्वोच्च न्यायालय जैसी संस्थाओं के खिलाफ प्रदर्शन करना देश की न्याय व्यवस्था का अपमान है।

> डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा-देश को आर्थिक महाशक्ति बना रहे मोदी

इसलिए चुनाव नहीं लड़ेंगे, प्रयागराज में भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा' निकाली

अमित शाह की गर्जना से डरे अखिलेश : केशव मौर्य

प्रयागराज में फिर से दूसरा कुंभ दिखा- केशव प्रसाद मौर्य

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा- आज प्रयागराज में फिर से दूसरा कुंभ दिखा है। इतने लोगों की भीड़ थी । भारतीय जानता पार्टी की सरकार अंगद पैर है, इसे कोई हटा नहीं सकता है। विपक्ष के जो लोग कह रहे थे की दोनों इंजन आपस में टकरा रहे हैं। उन्हें बता देना चाहता हूं कि दोनों इंजन मिलकर फिर से सरकार बनाएंगे।

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज में भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा' में शामिल होने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी दादा का नाम नहीं लेते, क्योंकि दादा के नाम के साथ फिरोज खान जुड़ा हुआ है। उसे छिपाते हैं। यहां प्रयागराज की धरती से मैं राहुल गांधी जी से कहना चाहता हूं कि अभी 30 साल तक आप भारत के प्रधानमंत्री नहीं बन सकते। अखिलेश यादव जी, आप भी 30 साल तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री नहीं बन सकते।

भारतीय जनता पार्टी ही वर्तमान है और भारतीय जनता पार्टी ही भविष्य है। हम विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प के साथ जनता और गरीबों के हितों की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। जब ईमानदारी से लड़ाई लड़ी जाती है, तो मोदी जी के नेतृत्व में 12 साल में 50 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा- अखिलेश अमित शाह की गर्जना से डर गए हैं, इसलिए चुनाव नहीं लड़ेंगे।

> मंत्री नंद गोपाल नंदी ने हार्ले डेविडसन बाइक से पत्नी को बैठाकर पदयात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ 250 बाइक भी मौजूद रहीं। कर पदयात्रा में 250 बाइक की रैली निकाले मंत्री नंद गोपाल नंदी।

सिविल लाइंस स्थित धरना स्थल पर 3 हजार से अधिक कार्यकर्ता पहुंचे हैं। वहीं मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी 250 बाइकों की रैली के साथ पहुंचे। उनके साथ पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी भी मौजूद रहीं। अलग-अलग जिलों से कार्यकर्ता बाइक रैली, गाड़ियों के काफिले और डीजे-बैंड के साथ पहुंचे हैं। पदयात्रा धरना स्थल से शुरू होकर सुभाष चौराहे स्थित शहीद वॉल तक जाएगी। भाजपा की ओर से इस पदयात्रा के लिए 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' का नारा दिया गया है।

डिप्टी सीएम ने कहा- अब तक 12 बार देश में एसआईआर हुआ

केशव बोले- देश की आजादी के बाद अब तक 12 बार SIR हुआ है। इनमें 10 बार कांग्रेस की सरकार के कार्यकाल में, एक बार पूज्य अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार के समय और एक बार वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान ऐसा हुआ है। जो वोट कटे हैं, वो ऐसे मतदाता हैं, जो अस्थायी रूप से प्रयागराज, वाराणसी, जौनपुर या किसी दूसरे जिले में रह रहे थे। उन्होंने अपने मूल जिले से दूसरे स्थान पर ठिकाना बना लिया। वहां उनका नाम मतदाता सूची से हट गया।

जेई बोले- क्षेत्र की अन्य खराब सड़कों को भी कराया जाएगा दुरुस्त

कई महीनों से जर्जर सड़क पर शुरू हुआ गड्ढा मुक्त कार्य

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। क्षेत्र में लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी सड़कों की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। सूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र में कंजियापुर से बम्भनावा तक कई महीनों से खराब पड़ी सड़क पर आखिरकार नवीनीकरण (रिन्यूवल) का कार्य शुरू हो गया है। सड़क की मरम्मत शुरू होने से क्षेत्रीय ग्रामीणों, राहगीरों और वाहन चालकों में बेहतर आवागमन की उम्मीद जगी है। कार्य पूरा होने के बाद लोगों को गड्ढों और उबड़-खाबड़ रास्ते से काफी हद तक निजात मिल सकेगी।

गौरतलब है कि कंजियापुर से बम्भनावा तक जाने वाली सड़क लंबे समय से जर्जर अवस्था में थी। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उखड़ी हुई गिट्टी के चलते लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। खासकर दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती थी। बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती थी। सड़क की बदहाल स्थिति को देखते हुए अब नवीनीकरण का कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों को जल्द ही राहत मिलने की उम्मीद है। इस संबंध में विभागीय जेई ज्ञानेंद्र मौर्य ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का गड्ढा मुक्त का लक्ष्य है जिसे क्षेत्र में जो भी सड़कें जर्जर अवस्था में हैं, उन पर चरणबद्ध तरीके से कार्य शुरू कराया जा रहा है। विभाग का पूरा प्रयास है कि सड़कों का कार्य गुणवत्ता के साथ कराया जाए, जिससे लोगों को लंबे समय तक बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने सड़कें जल्दी खराब होने की एक बड़ी वजह ओवरलोडिंग को भी बताया। जेई के मुताबिक, जिन सड़कों की जितनी भार क्षमता निर्धारित है, उससे कहीं अधिक भार वाले वाहनों का आवागमन होता है। यदि निर्धारित क्षमता के अनुरूप ही भारी वाहनों का संचालन हो तो सड़कों की उम्र बढ़ाई जा सकती है और सरकारी धन से कराए गए निर्माण कार्यों का बेहतर लाभ आम जनता को मिल सकेगा।

> क्षमता से अधिक लोड गुजरने के कारण सड़कों की स्थिति तेजी से खराब हो जाती है और कुछ ही समय में सड़कें फिर से जर्जर हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों को लंबे समय तक सुरक्षित और टिकाऊ बनाए रखने के लिए ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगाना बेहद जरूरी है।

गोरखपुर में 67 कुंतल अवैध पटाखे के साथ एक गिरफ्तार

गोरखपुर। गोरखपुर में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत खोराबार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अवैध विस्फोटक पदार्थ के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 67 कुंतल अवैध पटाखा बरामद किया गया है।

मंगलवार देर रात करीब 2 बजे मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी खोराबार व एंटी थेफ्ट सेल की टीम ने एक घर में छापा मारकर यह कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक, उपनिरीक्षक कुसुमेन्द्र सिंह मय पुलिस टीम थाना क्षेत्र में रात्रि गश्त और चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने अभियुक्त विजय कुमार जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से कुल 67 कुंतल अवैध विस्फोटक पदार्थ (पटाखा) बरामद हुआ।

वाराणसी में 501 किलो बारूद और पटाखे मिले

घर की छत पर छिपाकर रखा था, रॉकेट-सुतली बम और मिर्ची बम बरामद

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद पुलिस ने अवैध पटाखा कारोबार के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। एसओजी-02 और सिंधोरा पुलिस की संयुक्त टीम ने सिंधोरा बाजार में एक रिहायशी मकान पर छापा मारकर 501.05 किलो बारूद, निर्मित और अर्धनिर्मित पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके से मकान में मौजूद रफीक (45) को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह हाथ से पटाखे बनाता था। इसके लिए उसने घर में बारूद और अन्य सामग्री का भंडारण कर रखा था। पुलिस ने विस्फोटक सामग्री जब्त कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

थानाध्यक्ष सिंधोरा पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि मुखबिर से मकान में अवैध पटाखे और बारूद रखे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने मकान की रेकी कर एसओजी-02 को जानकारी दी। 2 नवंबर की रात संयुक्त टीम ने छापेमारी की।

इस दौरान घर में एक व्यक्ति मिला। मकान की छत पर पटाखे बनाने का सामान और बारूद रखा हुआ था। पूछताछ में आरोपी भंडारण के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। वह वैध लाइसेंस भी नहीं दिखा पाया।

आरोपी की पहचान रफीक (45), पुत्र स्व. मजहर, निवासी सिंधोरा बाजार, थाना सिंधोरा, वाराणसी के रूप में हुई।

वारदात : बाराबंकी में ससुर को फोन कर बोला- तुम्हारी बेटी को मार दिया, लाश ले जाना

पत्नी की हत्या कर घर में ताला लगाकर भागा पति

> एएसपी विवेक तिवारी ने बताया-पति ने हत्या की है। उसने खुद यह बात ससुर को बताई है। उसकी तलाश की जा रही है।'

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी । बाराबंकी में पति ने मंगलवार आधी रात पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद उसने ससुर को फोन करके कहा, 'तुम्हारी बेटी को मार दिया है। लाश कमरे में पड़ी है। उसे ले जाना और मुझसे संपर्क मत करना।'

इसके बाद वह घर में ताला लगाकर फरार हो गया। 7 घंटे बाद पिता बेटी की ससुराल पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ताला तोड़ा तो कमरे में महिला की लाश मिली। वारदात शहर कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर मोहल्ले की है। सीमा (30) ने 10 साल पहले संदीप से कोर्ट मैरिज की थी। 8 साल की एक बेटी है। संदीप की मां सुनीता ने बताया कि बेटे की गैरमौजूदगी में बहू का प्रेमी घर आता-जाता था।

इसी कमरे में सीमा का शव पड़ा मिला था।

पिता बोले- दामाद ने कहा, हत्या करके जा रहा हूं

सीमा के पिता धर्मेश ने बताया, 'हमारा घर शहर से 18 किलोमीटर दूर सफदरगंज में है। मंगलवार रात करीब 12 बजे संदीप ने फोन किया। उसने पहले विवाद होने की बात कही। बाद में बोला कि मैंने उसे मार दिया है। मैं जा रहा हूं। मुझसे संपर्क मत करना।' धर्मेश ने बताया कि करीब 7 घंटे बाद जब वह बेटी की ससुराल पहुंचे तो घर के बाहर ताला लगा मिला। इसके बाद सभासद के पति बृजेश ने डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और ताला तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुई।

बेटी दादी के साथ रहती है, आरोपी ऑटो चलवाता था

रसूलपुर मोहल्ले में रहने वाले संदीप की बेटी अपनी दादी सुनीता के साथ रहती है। दादी का घर भी बगल में ही है। संदीप के पिता ने पहली पत्नी की मौत के बाद सुनीता से दूसरी शादी की थी।

सुनीता की तीन बेटियों के बाद संदीप इकलौता बेटा था। वह ऑटो चलवाता था। उसके पास दो ऑटो हैं। खुद दूसरे की कार चलाता था।

सुनीता ने बताया, 'बेटे ने अपनी मर्जी से सीमा से कोर्ट मैरिज की थी। सीमा से आए दिन विवाद होने के कारण हम लोगों ने संदीप से दूरी बना ली थी।'

उन्होंने बताया, 'बहू का चाल-चलन ठीक नहीं था। वह कुछ दिन पहले ही प्रेमी के साथ भाग गई थी। हालांकि, 10 दिन बाद लौट आई थी।'

राहुल गांधी देश को गुमराह कर रहे : हार्दिक पटेल

पीएम मोदी से डिबेट की चुनौती पर कहा- व्यक्तिगत बहस का सवाल नहीं

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । जरात के भाजपा विधायक हार्दिक पटेल ने राहुल गांधी की राजनीति पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी लगातार देश को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ राहुल गांधी की डिबेट की चुनौती पर कहा कि उनसे व्यक्तिगत डिबेट करने का कोई सवाल ही नहीं उठता।

हार्दिक पटेल ने कहा कि राहुल गांधी पहले सड़क पर उतरकर विरोध कर रहे थे और अब सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को डिबेट के लिए चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी एसआईआर, धर्मेंद्र प्रधान और ज्ञानेश कुमार जैसे मुद्दों को लेकर देश की व्यवस्थाओं को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। एसआईआर के मुद्दे पर हार्दिक पटेल ने कहा कि गुजरात समेत पूरे देश में यह प्रक्रिया लागू हुई है। जिन लोगों की मृत्यु हो चुकी है या जो अपने पते पर नहीं मिले, उनके नाम मतदाता सूची से हटना स्वाभाविक है। उन्होंने सवाल उठाया कि कांग्रेस को नाम कटने पर आपत्ति क्यों है, जबकि जिन लोगों के नाम कटे हैं, वे स्वयं सामने आकर शिकायत नहीं कर रहे हैं।

हार्दिक पटेल ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी एसआईआर के मुद्दे को एक विशेष वर्ग को अपने पक्ष में करने के लिए उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों को देखते हुए देश का माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है।

रामलीला मैदान में कांग्रेस की रैली का जिक्र करते हुए हार्दिक पटेल ने कहा कि राहुल गांधी ने 10 लाख लोगों को जुटाने की बात कही थी, लेकिन वहां 50 हजार लोग भी नहीं पहुंचे और कुर्सियां खाली रह गईं। उन्होंने दावा किया कि देश की जनता और युवा राहुल गांधी के साथ खड़े नहीं होना चाहते।

जीपीएस से ट्रैक होंगी कूड़ा गाड़ियां

तैयारी

अकबरपुर नगर पालिका की समीक्षा बैठक में सफाई व्यवस्था की बनी कार्ययोजना

- त्योहारों पर जीरो वेस्ट का लक्ष्य
- दीपावली से देव दीपावली तक चलेगा 'स्वच्छ त्योहार-2026' अभियान
- घाटों और पूजा स्थलों पर विशेष सफाई

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। दीपावली, भाई दूज, छठ पूजा और देव दीपावली पर शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर अकबरपुर नगर पालिका ने तैयारी शुरू कर दी है। इन त्योहारों को 'स्वच्छ त्योहार-2026' के रूप में मनाया जाएगा। सार्वजनिक स्थलों, पूजा पंडालों और घाटों पर विशेष सफाई होगी। साथ ही आयोजनों को जीरो वेस्ट और जीरो प्लास्टिक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बुधवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इसमें डोर-टू-डोर कूड़ा उठान, कचरे के पृथक्करण और निस्तारण की व्यवस्था की समीक्षा की गई। स्वच्छ भारत मिशन के मंडल कार्यक्रम प्रबंधक वैभव पांडेय, एसए-फआई अनुश्री श्रीवास्तव, जलकल अवर अभियंता शैलेंद्र सिंह और जिला कार्यक्रम प्रबंधक हृदयानंद यादव मौजूद रहे। अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा ने कहा कि त्योहारों के दौरान सफाई व्यवस्था की निगरानी डेडीकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (डीसीसीसी) से की जाएगी। डोर-टू-डोर कूड़ा उठान से लेकर एमआरएफ सेंटर तक की व्यवस्था पर नजर रखी जाएगी। बैठक में अकबरपुर और शहजादपुर के सफाई इंचार्ज मोहम्मद इसराइल व ओमप्रकाश सुमन, सभी वार्डों के स्वच्छता नायक और ट्रेनिंग पार्टनर टीम के सदस्य मौजूद रहे।

अलग-अलग कचरा सीधे एमआरएफ सेंटर पहुंचेगा

अधिकारियों ने निर्देश दिया कि कूड़ा गाड़ियों से पृथक्कृत कचरा सीधे एमआरएफ सेंटर पहुंचाया जाए। वहां कचरे का जल्द और वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। वार्डों में क्लीनिंग टारगेट यूनिट (सीटीयू) की सफाई पूरी कराने की जिम्मेदारी सफाई नायकों को दी गई। जनजागरूकता के लिए ट्रेनिंग पार्टनर टीम के कामकाज की भी समीक्षा हुई।

जीपीएस से होगी कूड़ा गाड़ियों की निगरानी

बैठक में सभी कूड़ा गाड़ियों पर जीपीएस मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वाहनों की आवाजाही पर नजर रखने के लिए गूगल मैप आधारित रूट तैयार किया जाएगा। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और घरों से ही गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग लेने की व्यवस्था की भी समीक्षा हुई।

स्वच्छ त्योहार-2026' के तहत सार्वजनिक स्थलों, पूजा पंडालों और घाटों की नियमित सफाई कराई जाएगी। स्वच्छ शौचालय अभियान और आरआरआर सेंटरों के संचालन पर भी जोर दिया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

जमानत के बाद भी जेल में बंद कैदियों की रिहाई के लिए मांगी सूचना

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नीलम वर्मा ने बुधवार को जिला कारागार में विधिक साक्षरता शिविर लगाया और जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता और जमानत के बाद रिहाई की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि जमानत मिलने के बाद भी जमानतदार के अभाव में जेल में बंद कैदियों का ब्योरा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराया जाए। शिविर में सचिव ने बताया कि विचाराधीन बंदियों की रिहाई के लिए अक्टूबर से चल रहे यूटीआरसी अभियान के तहत निर्धारित नियमों के आधार पर दो बंदियों को रिहा कराया जा चुका है। अन्य बंदियों के मामलों में कार्रवाई चल रही है। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि भारतीय

नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 479 के दायरे में आने वाले विचाराधीन बंदियों की जानकारी समय से प्राधिकरण को भेजें, ताकि उनकी रिहाई के लिए जरूरी कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान सचिव ने बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुकदमों की स्थिति और निःशुल्क अधिवक्ताओं की ओर से की जा रही पैरवी के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन बंदियों की जमानत मंजूर होने के बाद भी जमानतदार न मिलने से रिहाई नहीं हो पा रही है, उनकी सूचना जमानत के एक सप्ताह बाद प्राधिकरण को भेजी जाए। सचिव ने बंदियों को जरूरत के अनुसार चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और निःशुल्क कानूनी सहायता चाहने वाले बंदियों के आवेदन समय से प्राधिकरण कार्यालय भेजने के निर्देश भी दिए। शिविर में बंदियों को 21 नवंबर को चेक बाउंस मामलों और 28 नवंबर को मोटर वाहन अधिनियम से जुड़े मामलों की विशेष लोक अदालत के बारे में बताया गया। 12 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी भी दी गई। इसके अलावा 9 से 11 दिसंबर तक लघु आपराधिक मामलों तथा 10 से 12 दिसंबर तक चेक बाउंस और अन्य विवादित मामलों की विशेष लोक अदालतों के आयोजन की जानकारी दी गई।

फास्ट न्यूज

घसियारी टोला में नए शिव मंदिर का निर्माण शुरू

अंबेडकरनगर। जलालपुर घसियारी टोला स्थित शीतला माता मठिया मंदिर धाम परिसर में शिव मंदिर के जीर्णोद्धार और नवनिर्माण का कार्य जारी है। पुराने मंदिर को हटाकर नए मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। बुधवार को विधिवत भूमि पूजन के साथ निर्माण कार्य की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। पुजारी नीरज जलालपुरी के नेतृत्व में पंडित अजय पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन कराया।

धनतेरस से पहले सजा बर्तन बाजार

अंबेडकरनगर, संवाददाता। दीपावली और धनतेरस को लेकर जिले के बर्तन बाजार सज गए हैं। अकबरपुर, शहजादपुर के साथ जलालपुर, टांडा और बसखारी की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने लगी है। धनतेरस पर नया बर्तन खरीदने की परंपरा के चलते लोग अपनी पसंद के सामान की बुकिंग और खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में इस बार बर्तनों के दाम पिछले साल की तुलना में करीब 10 से 15 फीसदी तक बढ़े हैं। शहजादपुर के मुख्य बर्तन बाजार और ठठेरी बाजार में सुबह से देर शाम तक चहल-पहल बनी हुई है। ग्राहक तांबा, पीतल, स्टील और फूल के बर्तनों के साथ गैस चूल्हे, इंडक्शन और स्टील कुकर भी खरीद रहे हैं।

हत्या के पांच आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी । बाराबंकी के बड़ूपुर थाना क्षेत्र में नीतेश मौर्य की हत्या के मामले में पुलिस ने बुधवार दोपहर 1 बजे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से वारदात में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो और काली थार के साथ खून से सने कपड़े भी बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, मामले की जांच के दौरान आरोपियों की तलाश की जा रही थी।

200 खिलाड़ियों ने दिया अंबेडकरनगर प्रीमियर लीग का ट्रायल

विजेता टीम को मिलेंगे 1.50 लाख रुपये

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। ग्रामीण क्षेत्रों की क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित अंबेडकरनगर प्रीमियर लीग के लिए बुधवार को खिलाड़ियों का ट्रायल हुआ। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए करीब 200 खिलाड़ियों ने चयन प्रक्रिया में हिस्सा लिया। पूर्व क्रिकेटर फैयाज फारूकी ने कहा कि यह लीग ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देगी। गुरुवार को भी ट्रायल जारी रहेगा।

फैयाज फारूकी ने बताया कि टूर्नामेंट आईपीएल की तर्ज पर आयोजित किया जाएगा। ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों की 15 नवंबर को मेगा नीलामी होगी। इसमें 10 टीमों के मालिक शामिल होंगे और बोली लगाकर अपनी-अपनी टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन करेंगे। टूर्नामेंट का आयोजन

दिसंबर के पहले सप्ताह में प्रस्तावित है। विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपये और उपविजेता टीम को एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। फैयाज फारूकी के मुताबिक, आयोजन की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। कुछ क्रिकेट मैदानों पर काम चल रहा है, जिसे समय से पहले पूरा करने का लक्ष्य है।

टूर्नामेंट के आयोजन में मुख्य आयोजक फैयाज फारूकी, अब्दुल माबूद फारूकी, कासिम फारूकी, डॉ. आसिम अबूजर फारूकी, मुख्य कोच राहुल सिंह, बंटी तिवारी, राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बब्बन सिंह, नरेंद्र हिरवानी और चयनकर्ता अभिमन्यु शर्मा व मयंक कुमार सहयोग कर रहे हैं।

अब गांवों की चौपालों तक पहुंचेगी सरकारी योजनाओं की जानकारी

एलईडी वैन रवाना, कलेक्ट्रेट से डीएम ईशा प्रिया ने दिखाई हरी झंडी

- जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में घूमकर योजनाओं व विकास कार्यों का करेगी प्रचार

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। सरकारी योजनाओं की जानकारी अब एलईडी वैन के जरिए जिले के गांवों और शहरी इलाकों तक पहुंचाई जाएगी। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए बुधवार को एलईडी वैन रवाना की गई। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर वैन को रवाना किया। इसे सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, लखनऊ की ओर से जिले में भेजा

गया है। एलईडी वैन जिले के विभिन्न ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में भ्रमण करेगी। इस दौरान स्क्रीन के माध्यम से लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही विकास कार्यों और सरकारी उपलब्धियों से जुड़े संदेश भी दिखाए जाएंगे। इसका उद्देश्य योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है।

जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने बताया कि इस पहल के माध्यम से आमजन को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा। खासतौर पर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। एलईडी स्क्रीन पर जानकारी को सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि लोग योजनाओं को आसानी से समझ सकें।

वैन के भ्रमण से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को सरकारी योजनाओं, उनके उद्देश्य और उपलब्धियों की जानकारी एक ही माध्यम से मिल सकेगी।

जिले की 113 बाजार वाली ग्राम पंचायतों में चला विशेष सफाई अभियान

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले की बाजार वाली 113 ग्राम पंचायतों में छह दिन तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी ईशा प्रिया के निर्देश पर 30 अक्टूबर से चार नवंबर तक चले अभियान में बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख मार्गों और नालियों की सफाई कराई गई। जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि अभियान को व्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए प्रत्येक बाजार और क्लस्टर के अनुसार सफाई कर्मियों का रोस्टर तैयार किया गया था। इसी के आधार पर उनकी ड्यूटी लगाई गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बाजारों और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई कराई गई।

जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य बाजारों में स्वच्छ वातावरण बनाए रखना और

- 30 अक्टूबर से चार नवंबर तक हुई सफाई, बाजारों, प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर लगाया गया जोर

सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई सुनिश्चित करना था। जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों ने अभियान की निगरानी भी की। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अपने आसपास सफाई बनाए रखें और कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें।

पोस्टमार्टम और विसरा जांच रिपोर्ट को कोर्ट ने माना अहम, पहली अर्जी पांच सितंबर को हो चुकी है खारिज

शिवमंगल मौत मामले में आरोपी अनुभव को दूसरी बार भी नहीं मिली जमानत

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जहांगीरगंज के ककरापार गांव के शिवमंगल की मौत के मामले में आरोपी अनुभव की दूसरी जमानत अर्जी भी खारिज हो गई। विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट चिंताराम ने पोस्टमार्टम और विसरा जांच रिपोर्ट के साथ आरोपों की गंभीरता को देखते हुए राहत देने से इन्कार कर दिया।

मामला 18 जनवरी 2026 का है। जयपुर में काम करने वाले शिवमंगल बीए की परीक्षा देने के लिए घटना से तीन दिन पहले घर आए थे। उनकी मां संगीता देवी के मुताबिक, गांव का आलोक तिवारी सुबह करीब नौ बजे पार्टी में चलने की बात कहकर उन्हें साथ ले गया था। शाम करीब छह बजे फोन पर शिवमंगल की मौत

- चिकित्सक मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं कर सके, इसलिए विसरा जांच के लिए भेजा गया। रामनगर वाराणसी स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट में एल्युमिनियम फॉस्फाइड विष पाए जाने का उल्लेख किया गया।

की सूचना मिली। परिजनों को उनका शव जहांगीरगंज के एक निजी अस्पताल में मिला।

विवेचना के दौरान अनुभव का नाम सामने आया और उसके खिलाफ भी आरोप पत्र दाखिल किया गया। पोस्टमार्टम में शिवमंगल के शरीर पर चार चोटें मिली थीं।

अनुभव ने जमानत अर्जी में कहा कि उसका नाम प्राथमिकी में नहीं था और विवेचना के दौरान उसे आरोपी बनाया गया। उसने किसी बरामदगी का न होना, घटना से संबंध नहीं होना और आपराधिक इतिहास न होने का हवाला दिया। उसने बताया कि वह आठ अगस्त 2026 से जेल में बंद है। विशेष लोक अभियोजक ने जमानत का विरोध किया। इससे पहले पांच सितंबर 2026 को भी उसकी जमानत अर्जी खारिज हो चुकी थी। दूसरी अर्जी में नया आधार न मिलने पर अदालत ने उसे जमानत देने से इन्कार कर दिया।

ट्रक से हाईटेंशन तार छूने की बात आई थी सामने

शुरुआती पुलिस जांच में सामने आया था कि गांव के बाहर खड़े ट्रक को सड़क पर लाने के दौरान शिवमंगल हाईटेंशन तार की चपेट में आ गए थे। करंट ट्रक में उतरने पर अन्य लोग कूदकर बच गए, जबकि शिवमंगल गंभीर रूप से झुलस गए। मां की तहरीर पर पुलिस ने आलोक तिवारी, अंकित तिवारी, संजय यादव और सूरज यादव के खिलाफ हत्या के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की थी।

कालपी बार अध्यक्ष की हत्या पर अधिवक्ताओं में आक्रोश

आरोपियों की गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जालौन की कालपी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गयादीन अहिरवार एडवोकेट के अपहरण और हत्या के विरोध में मंगलवार को जिले के अधिवक्ताओं ने आवाज उठाई। बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर घटना में शामिल आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने हत्या की निंदा करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं अधिवक्ताओं की सुरक्षा से जुड़े गंभीर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में हुई घटना पर भी चिंता जताई।

अधिवक्ताओं ने मृतक के आश्रितों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। इसके साथ ही मुकदमे की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने तथा प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग उठाई। बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग हैं। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। अधिवक्ताओं पर हो रहे हमलों को रोकने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए।

त्योहारों पर खलल डालने वालों पर रहेगी नजर

सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। आगामी त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा तैयारियों को लेकर मंथन किया। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने संयुक्त बैठक कर अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने के साथ ही यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने पर जोर दिया गया। बैठक में त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने पर चर्चा हुई। डीएम और एसपी ने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करने और स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए। संवेदनशील स्थलों पर विशेष

- डीएम-एसपी ने अधिकारियों के साथ की बैठक, संवेदनशील स्थलों पर सतर्कता और क्षेत्र में लगातार गश्त के निर्देश

सतर्कता बरतने तथा किसी भी जरूरी व्यवस्था में लापरवाही न करने को कहा। अधिकारियों को आमजन से संवाद बनाए रखने और क्षेत्र में शांति का माहौल कायम रखने के निर्देश दिए गए। यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए भी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा गया

मांग : आमादरबेशपुर केंद्र में पेयजल व्यवस्था को लेकर शिक्षकों में नाराजगी

जनगणना प्रशिक्षण में शौचालय की टोटी से पानी भरकर पिलाने का आरोप

- स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग
- व्यवस्था में सुधार और कार्रवाई की मांग
- बहिष्कार की चेतावनी से बढ़ सकता है विवाद

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों ने पेयजल व्यवस्था को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि आलापुर के आमादरबेशपुर स्थित प्रशिक्षण केंद्र पर पीने के पानी के डिब्बों में महिला शौचालय की टोटी

से पानी भरकर रखा जा रहा है। बाद में इसी पानी को शिक्षकों को पीने के लिए दिया जा रहा है। इस व्यवस्था को लेकर शिक्षकों में नाराजगी है। उन्होंने इसे स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए जिम्मेदारों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पीने के पानी के डिब्बों को लेकर उठाई आपत्ति

शिक्षकों के मुताबिक, प्रशिक्षण केंद्र पर बड़ी संख्या में कार्मिकों को बुलाया जा रहा है। ऐसे में उनके लिए स्वच्छ पेयजल की अलग और उचित व्यवस्था होनी चाहिए। आरोप है कि महिला शौचालय की टोटी से पानी भरकर उसे पीने के लिए रखे गए डिब्बों में डाला जा रहा है। शिक्षकों ने इस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रशिक्षण केंद्र पर पेयजल की गुणवत्ता और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

हालांकि इसकी पुष्टि तमसा संकेत नहीं करता है। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि पेयजल व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया और उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे जनगणना प्रशिक्षण का बहिष्कार करेंगे। उनका कहना है कि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में वे सहयोग करना चाहते हैं, लेकिन प्रशिक्षण केंद्र पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है। अब पेयजल व्यवस्था को लेकर उठे इस विवाद पर प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार है।

शिक्षकों ने मांग की है कि प्रशिक्षण केंद्र पर पीने के पानी के लिए स्वच्छ और सुरक्षित व्यवस्था की जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाए कि डिब्बों में पानी कहां से भरा जा रहा है और इसकी जिम्मेदारी किसकी है। उन्होंने मामले की जांच कराकर लापरवाही सामने आने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

जनसुनवाई में एसपी ने सुनीं फरियाद त्वरित कार्रवाई के निर्देश

पुलिस कार्यालय में लोगों ने रखीं अपनी समस्याएं

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर आम लोगों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान फरियादियों ने अपनी समस्याएं उनके सामने रखीं। एसपी ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

एसपी ने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण तय समय सीमा में किया जाए। साथ ही समाधान की गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाए, ताकि शिकायतकर्ता को उचित राहत मिल सके।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक

- एसपी ने समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर दिया जोर
- शिकायतों के समाधान में न हो देरी
- संबंधित अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने समस्याओं के समाधान में गंभीरता बरतने और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

सम्पादकीय

प्रदूषण और पटाखे

सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिल्ली-एनसीआर में हरित पटाखों की बिक्री और उन्हें चलाने की सीमित छूट देने के 24 घंटे बाद यह सामने आया कि राजधानी में पारंपरिक पटाखों की भी खुलेआम बिक्री हो रही है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए सरकार को उसके निर्देश का पालन करने को कहा। देखना है कि ऐसा हो पाता है या नहीं, क्योंकि बीते वर्षों में सुप्रीम कोर्ट के ऐसे निर्देशों के बाद भी पटाखा बेचने वाले उनकी येन-केन-प्रकारेण बिक्री कर ही लेते हैं।

वे हरित पटाखों के नाम पर पारंपरिक यानी कहीं अधिक प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों की भी बिक्री करते हैं। इसका कारण यह है कि इसके ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं कि सभी पटाखे हरित ही हों। आम तौर पर लोग दीवाली पर तय समयसीमा की अनदेखी कर देर रात तक पटाखे छोड़ते रहते हैं। यद्यपि हर कोई इससे परिचित है कि पटाखे प्रदूषण बढ़ाते हैं और पिछले कुछ वर्षों में तो दीवाली के बाद दिल्ली-एनसी-आर समेत उत्तर भारत के अन्य इलाकों में हवा इतनी विषाक्त हो जाती है कि सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है।

बहुत कम लोग हैं, जो पटाखों के इस्तेमाल में संयम दिखाते हैं और केवल हरित पटाखे ही चलाते हैं। यह सही है दीवाली पर पटाखों का इस्तेमाल न जाने कब से होता आ रहा है और वे इस पर्व का एक हिस्सा बन गए हैं, लेकिन उनका उपयोग सीमित करके भी तो उल्लासित हुआ जा सकता है। इसके लिए लोग अपनी गली, मोहल्ले में सामूहिक रूप से किसी खुले स्थान पर पटाखे चला सकते हैं और यह भी सुनिश्चित कर सकते हैं कि हरित पटाखे ही चलाए जाएं। इसमें ही सबका हित है। बीते दो-तीन दशक में हालात बदल चुके हैं। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के एक बड़े क्षेत्र में सर्दियों के आगमन के साथ ही सिर उठाने वाला वायु प्रदूषण दीवाली बाद यकायक बहुत बढ़ जाता है। ऐसे में सभी को अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। समस्या यह है कि औसत लोग जैसे इसकी परवाह नहीं करते कि पुराने वाहन चलाने, पराली अथवा कूड़ा-करकट जलाने, धूल उड़ाने वाला निर्माण कार्य कराने से प्रदूषण बढ़ता है, वैसे ही मनचाहे तरीके से पटाखे चलाने से सांसों के लिए संकट पैदा होता है।

इससे भी बड़ी समस्या यह है कि सरकार का प्रदूषण रोधी तंत्र भी अपने हिस्से की जिम्मेदारी सही तरह निभाने के बजाय खानापूरी ही अधिक करता है। वह तब चेतता है, जब प्रदूषण गंभीर रूप ले लेता है। यह समझा जाए कि सेहत के लिए घातक संकट पैदा करने वाले प्रदूषण से तभी निपटा जा सकता है, जब सरकारी तंत्र के साथ आम जनता भी उसकी रोकथाम के उपायों पर सही से अमल करने को लेकर सजग रहे। यह सजगता दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के शासन-प्रशासन और लोगों को भी दिखानी होगी।

प्रदूषण पर राजनीति का धुआं और जनता की घुटती सांसें

> दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की स्थिति तो और भी चिंताजनक है। सर्दियों की शुरुआत होते ही तापमान में गिरावट, हवा की धीमी गति और वातावरण में प्रदूषकों के ठहराव से वायु गुणवत्ता तेजी से बिगड़ती है।

त्योहार खुशियां बांटने के लिए होते हैं, सांसों में जहर घोलने के लिए नहीं। दीपावली प्रकाश, प्रसन्नता, उल्लास और मंगलकामना का पर्व है, लेकिन यदि उत्सव की चमक के पीछे आसमान धुएं से भर जाए, बच्चों और बुजुर्गों का दम घुटने लगे तथा आम आदमी स्वच्छ हवा के लिए तरसने लगे तो हमें अपनी उत्सव परंपराओं और सामाजिक जिम्मेदारियों पर गंभीरता से विचार करना होगा। विडंबना यह है कि आज प्रदूषण जैसी जीवन-मरण की समस्या पर भी राजनीति का धुआं छाने लगा है। जब लोगों की सांसें संकट में हों, तब धर्म, जाति और राजनीतिक विचारधाराओं के चश्मे से समस्या को देखना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि सामाजिक संवेदनहीनता का प्रमाण भी है। अभिनेत्री और पर्यावरण कार्यकर्ता दीया मिर्जा ने पटाखों से होने वाले वायु एवं ध्वनि प्रदूषण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने अपने पर्यावरण अनुकूल दीपावली अभियान में उनका वीडियो जारी किया, लेकिन राजनीतिक विवाद के बाद उसे हटा दिया गया। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि प्रदूषण के खिलाफ आवाज उठाना आखिर विवाद का विषय कैसे बन गया? किसी कलाकार का पर्यावरण संरक्षण के पक्ष में बोलना किसी धर्म या त्योहार का विरोध कैसे हो सकता है? मुंबई उच्च न्यायालय द्वारा वीडियो दोबारा जारी करने का निर्देश इस बात का संदेश है कि जनहित की आवाज को राजनीतिक दबाव के आगे दबाया नहीं जाना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण किसी व्यक्ति, दल या धर्म की जागीर नहीं, बल्कि समूचे समाज की साझा जिम्मेदारी है।

मुंबई का उदाहरण इस समस्या की गंभीरता को और उजागर करता है। सामान्यतः समुद्र की हवाओं और भौगोलिक स्थिति के कारण मुंबई को दिल्ली की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर वायु संचार का लाभ मिलता है, लेकिन अब वहां भी प्रदूषण का संकट गहराने लगा है। बीएमसी की पर्यावरण स्थिति रिपोर्ट 2025-26 के अनुसार, मुंबई के 14 वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों में से 13 पर पीएम-10 का वार्षिक औसत स्तर राष्ट्रीय निर्धारित सीमा 60 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर से अधिक पाया गया। चेंबूर और बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में यह स्तर 125 माइक्रोग्राम तक पहुंच गया। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि महान-गरीय विकास की उस दिशा पर प्रश्नचिह्न है जिसमें इमारतें तो ऊंची होती जा रही हैं, लेकिन लोगों के हिस्से की स्वच्छ हवा छोटी होती जा रही है। यह समझना आवश्यक है कि मुंबई हो या दिल्ली, प्रदूषण का पूरा दोष केवल दीपावली के पटाखों पर डालकर हम अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकते। निर्माण स्थलों से उड़ती धूल, सड़कों पर जमा मिट्टी, वाहनों का धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन, कचरा जलाना और कमजोर शहरी नियोजन इसके बड़े कारण हैं। पटाखे प्रदूषण की समस्या को त्योहारों के दौरान और गंभीर बनाते हैं, लेकिन प्रदूषण का स्रोत वर्षभर सक्रिय रहता है। इसलिए केवल दीपावली के आसपास प्रतिबंध लगाना और फिर शेष वर्ष आंखें मूंद लेना समस्या का समाधान नहीं, बल्कि मौसमी सक्रियता का प्रदर्शन है। मुंबई में 13 निगरानी केंद्रों का राष्ट्रीय मानक से ऊपर होना बताता है कि समुद्री हवाओं के भरोसे पर्यावरण की रक्षा नहीं की जा सकती। दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, गुरुग्राम और फरीदाबाद के नागरिक हर वर्ष इस जहरीले वातावरण का सामना करते हैं। सुबह की सैर स्वास्थ्य का माध्यम बनने के बजाय जोखिम बन जाती है। बच्चों को खांसी, बुजुर्गों को सांस लेने में परेशानी और पहले से बीमार लोगों को अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। जिस हवा में जीवन का संगीत होना चाहिए, उसमें जब प्रदूषण का जहर घुल जाए तो विकास के तमाम दावे बेमानी लगने लगते हैं। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय की सक्रियता महत्वपूर्ण है। न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर में दीपावली के अवसर पर केवल प्रमाणित हरित पटाखों की सीमित बिक्री और निर्धारित समय में उनके उपयोग की अस्थायी अनुमति दी है। 7 और 8 नवंबर के लिए निर्धारित समय सुबह 6 से 7 बजे तथा रात 8 से 10 बजे है। इसके बाद 9 नवंबर से पूर्ण प्रतिबंध फिर प्रभावी होना है। न्यायालय ने नियमों के उल्लंघन और पारंपरिक पटाखों को हरित पटाखों के नाम पर बेचने से रोकने के लिए सख्त निगरानी पर भी जोर दिया है। लेकिन प्रश्न यह है कि आदेश कागज पर सख्त और सड़कों पर बेअसर क्यों रह जाते हैं? हरित पटाखों की आड़ में पारंपरिक पटाखों की बिक्री, निर्धारित समय के बाद आतिशबाजी और प्रतिबंधित सामग्री का खुलेआम कारोबार प्रशासनिक व्यवस्था की पोल खोलता है। कानून बनाना पर्याप्त नहीं, उसका निष्पक्ष और कठोर क्रियान्वयन भी जरूरी है। यदि नियम तोड़ने वालों को राजनीतिक संरक्षण या प्रशासनिक उदासीनता का लाभ मिलता रहा तो न्यायालयों के निर्देश भी धुएं में उड़ते रहेंगे।

दीपावली के उत्सव को सीमित पटाखों, सामूहिक आतिशबाजी और पर्यावरण अनुकूल विकल्पों के साथ भी पूरे उल्लास से मनाया जा सकता है। उत्सव की सार्थकता शोर की तीव्रता में नहीं, बल्कि मन की प्रसन्नता और सामाजिक सद्भाव में है। यह किसी की धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार का सम्मान है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जब दीया मिर्जा जैसी अभिनेत्री पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती हैं तो उनके संदेश को राजनीतिक विवाद में उलझा दिया जाता है। मुंबई उच्च न्यायालय ने 3 नवंबर को बीएमसी को उनका हटाया गया वीडियो दोबारा अपलोड करने का निर्देश दिया और स्पष्ट किया कि पर्यावरण के मुद्दे को राजनीतिक या सांप्रदायिक रंग देना अनुचित है। न्यायालय की यह टिप्पणी हमारे लोकतांत्रिक विवेक को झकझोरने वाली है।

आज आवश्यकता है कि सरकारें, न्यायपालिका, नगर निकाय, राजनीतिक दल, उद्योग जगत, सामाजिक संगठन और आम नागरिक एक साझा संकल्प के साथ आगे आएं। निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण हो, वाहनों के उत्सर्जन पर कठोर निगरानी हो, सार्वजनिक परिवहन मजबूत बने, कचरा जलाने पर रोक लगे और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों की जवाबदेही तय हो।

ललित गर्ग

दीपावली दीयों का...

डॉ. विनोद बब्बर

समृद्धि युक्त, विकार मुक्त समाज है दिवाली

जिस परिवेश में हम जन्मे, पले, पढ़े, बढ़े हुए उत्सवप्रियता उसकी प्रथम पहचान है। भारत जैसी अनूठी उत्सवधर्मिता अन्यत्र संभव ही नहीं। उत्सव प्रियता मनुष्य के अच्छे स्वास्थ्य की पैरोकार है। जीवन में अनेक प्रकार की कठिनाइयां, चुनौतियां होना स्वाभाविक हैं। यह भी संभव है कि भरसक प्रयास के बाद भी अनुकूल परिणाम न आने पर तनाव, निराशा हो। अनेक प्रकार की बाधाओं, अवरोधों के बावजूद खुशियों के लिए उत्सवी माहौल बनाने की सीख हमें अपने सकारात्मक सोच वाले पूर्वजों से विरासत में मिली है।

अंधकार और प्रकाश अर्थात् अज्ञानता और ज्ञान का संघर्ष मानव सभ्यता के विकास की कहानी है क्योंकि अंधकार एक आवरण है, एक भय है, आशंका है, स्वप्न है, इसलिए उसमें जड़ता है, अकर्मण्यता है, एकरूपता है, निद्रा है, अस्तित्व का विलय है। अतः तिमिर त्याज्य है, उपेक्षणीय है। प्रकाश में, आलोक में चेतना है, विविधता है, सक्रियता है, कर्मठता है, जागरण है एवं अस्तित्व की सुरक्षा है, इसी कारण आलोक वरेण्य है। मनुष्य ने अपनी बुद्धि और विवेक के बल पर संसार के प्रत्येक अंधकार को चुनौती दी और हर अंधेरे में उजाले की सृष्टि करने का प्रयास किया। अपने अंतस से बाह्य जगत तक के हर अंधेरे को दूर करने के लिए मानव ने उत्सव रचे।

उत्सवों की श्रृंखला में विशेष है दीपावली। विजयी दीपशिखा का उल्लास है- दीपावली, पराजित अमावस्या का उच्छवास है- दीपावली, निविड़ अंधकार का पलायन है- दीपावली, आलोक-सुरसरि का धरती पर अवतरण है- दीपावली, आकाश के अनंत-नक्षत्र-मंडल से धरा की मूर्तिमान स्पर्धा है- दीपावली, मानव की चिर आलोक पिपासा के लिए चहुँदिसि आलोक वर्षा है- दीपावली, अंधकार पर प्रकाश की विजय का पर्व है- दीपावली।

दीपावली दीयों का और प्रकाश का, धरती को सितारों से भर कर आकाश बना देने का पर्व है। दीये जो विभिन्न रूपों और आकारों के हैं। प्रकाश अपने सप्त रंगों को बिखेर कर इंद्रधनुष की तरह तन जाए। पुरुषार्थ से प्राप्त लक्ष्मी, काम पर राम की विजय का उत्सव, जीवन को मृत्यु से निर्भय करने वाली यम द्वितीया, सामाजिक शालीनता, मर्यादा और प्रेम के सात्विक स्वरूप को प्रकट करने वाली भाई दूज, ज्ञान और शिक्षा के प्रतीक कलम-दवात की पूजने वाली चेतना को जाग्रत करने का पर्व। दिवाली मात्र एक पर्व नहीं, पर्व पुंज है। क्योंकि प्रकाश अपनी संपूर्णता में प्रकाशित होता है, चयन नहीं करता, जीवन के हर धर्म गुण को आलोकित करता है।

यह केवल घर की सफाई का नहीं, अपने अंतस में व्याप्त निराशा, उन्माद या आक्रोश को साफ कर मन को स्फटिक आंगन बनाने का पर्व है। लक्ष्मी की पूजा शंख, चक्र, गदा, पद्म के चार पुरुषार्थों से संपन्न हो कर ही की जा सकती है। उलूक का वाहन ले कर आने वाली लक्ष्मी सचेत करती है कि हमारा वैभव, समृद्धि अंहकार उत्पन्न करने वाला न हो। अहंकार युक्त सामर्थ्य महिष बनाती है और उसका मर्दन करने के लिए उसी वरदा लक्ष्मी को जिसने धन और वैभव दिया, विष्णु और शिव का तेज प्राप्त कर दुर्गा का स्वरूप धारण करना पड़ता है। धर्मनियंत्रित पुरुषार्थ से अर्जित लक्ष्मी के संयमित उपभोग को ही लक्ष्मी पूजा माना जाना चाहिए। गो तो प्रतीक है प्रकृति के उस उपहार का जो जीवन और चेतना का पथ प्रदान करती है और गोवर्धन का अर्थ ही जीवन और चेतना को प्रवाहित करने वाले तत्वों से है। गोवर्धन की पूजा के बावजूद क्या हम ऐसा कर रहे हैं? नदियां प्रदूषित होकर मृत हो रही हैं, वृक्ष कट रहे हैं वन भूमि रेगिस्तान बन रही हैं क्योंकि उपभोग के आधुनिक साधनों से उत्पन्न विष प्राणवायु को प्राणांतक पीड़ा दे रहा है।

500 ईसा वर्ष पूर्व की मोहनजोदड़ो सभ्यता के अवशेषों में मिट्टी की मूर्ति प्रमाण है कि दिवाली सदियों से मनाई जाती है। उस मूर्ति में मातृ-देवी के दोनों ओर दीप जलते दिखाई देते हैं। दिवाली कृषि उत्सव भी है क्योंकि कृषि के विकास से ही ग्रामीण स्वतंत्रता विकसित हुई है। फसल पकने पर धान, कोदों, सामा, ज्वार, मक्का और बाजरे की फ़सलें घर आने से किसान का श्रम सार्थक हुआ तो उत्सव की पृष्ठभूमि तैयार। प्रमुखता मिली धान को, क्योंकि यह आदिम अन्न है। धान की खील बनी। खील अपने आप में प्रकाश की प्रतीक है। खील की निर्माण प्रक्रिया देखें। काली-मटमैली धान अग्नि के ताप का संस्पर्श पाकर खिल उठी। श्वेत-शुभ्र खील। तप से तम के भीतर से सत का खिलना हुआ तो उसे खिली कहा गया होगा, जो कालांतर में खील बन गया।

मनुष्य की बुद्धि-विवेक ने नये आविष्कार कर युग परिवर्तन को संभव बनाया। सुख-समृद्धि बढ़ी तो लक्ष्मी-पूजन की परंपरा विकसित हुई। लेकिन कुछ लोगों को धन की हवस द्यूत-क्रीड़ा तक ले गई। ऐसे समय में हमारे दूरदर्शी पूर्वजों ने लक्ष्मी संग गणेश पूजन की परंपरा का विकास किया गया। गणेश विवेक के देवता हैं। अकेली लक्ष्मी से उत्पन्न रजोगुण विकृतियों को जन्म दे सकता है। अतः सत के प्रतीक गणेश का साथ सुनिश्चित किया गया।

शामली जनपद...

प्रवीण मालवीय

प्रदेश में महिला सशक्तीकरण की नई मिसाल बनी विद्युत सखी योजना

उत्तर प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में संचालित विभिन्न योजनाएं सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन रही हैं। इसी क्रम में विद्युत सखी योजना ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण, स्वरोजगार और डिजिटल सेवाओं के विस्तार की एक प्रभावी पहल बनकर उभरी है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित इस योजना ने जहां ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत बिल भुगतान की प्रक्रिया को सरल बनाया है, वहीं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को सम्मानज-नक आय अर्जित करने और समाज में अपनी अलग पहचान स्थापित करने का अवसर भी दिया है। शामली जनपद की अनीता की सफलता इस परिवर्तन का प्रेरक उदाहरण है।

मा. मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास को महिलाओं की भागीदारी से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दे रही है। विद्युत सखी योजना इसी सोच का परिणाम है, जिसके माध्यम से ग्रामीण महिलाएं बिजली विभाग और उपभोक्ताओं के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बनकर सेवाएं प्रदान कर रही हैं। पहले ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को बिजली का बिल जमा करने के लिए विद्युत उपकेंद्रों तक जाना पड़ता था। अब विद्युत सखियां घर-घर पहुंचकर बिल संग्रहण और भुगतान की सुविधा उपलब्ध करा रही हैं। इससे उपभोक्ताओं का समय और श्रम बचने के साथ ही विद्युत राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया भी अधिक सहज एवं पारदर्शी हुई है। इस योजना के अंतर्गत चयनित महिलाओं को आवश्यक प्रशिक्षण देकर स्मार्टफोन और ब्लूटूथ थर्मल प्रिंटर जैसे उपकरणों के माध्यम से डिजिटल भुगतान एवं बिल संग्रहण की प्रक्रिया से जोड़ा जाता है। आधिकारिक एप्लिकेशन के जरिए वे उपभोक्ताओं के बिजली बिल की जानकारी प्राप्त कर भुगतान स्वीकार करती हैं और रसीद उपलब्ध कराती हैं। इस कार्य के बदले उन्हें निर्धारित प्रोत्साहन राशि दी जाती है। 2,000 रुपये तक के बिल संग्रहण पर प्रति बिल 20 रुपये तथा इससे अधिक के बिल पर संग्रहित राशि का एक प्रतिशत प्रोत्साहन दिए जाने की व्यवस्था महिलाओं के लिए आय का नियमित संसाधन उपलब्ध करा रही है। इस योजना की सफलता की कहानी शामली जनपद के ऊन विकास खंड स्थित हसनपुर गांव की 35 वर्षीय श्रीमती अनीता से जुड़ी है। भारती महिला ग्राम संगठन के अंतर्गत संचालित सृष्टि स्वयं सहायता समूह की सदस्या श्रीमती अनीता का जीवन कुछ वर्ष पहले तक आर्थिक चुनौतियों से घिरा हुआ था। उनके पति गांव में छोटी-सी इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान चलाते थे। सीमित आय के कारण परिवार का भरण-पोषण करना और बच्चों के भविष्य के लिए बेहतर संसाधन जुटाना कठिन था। वर्ष 2018 में गांव में सामुदायिक संसाधन व्यक्ति (सीआरपी) अभियान के दौरान अनीता सृष्टि स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने सामुदायिक निवेश निधि से ऋण प्राप्त किया और उससे अपने पति के व्यवसाय का विस्तार करने में सहयोग दिया। स्वयं सहायता समूह से मिली प्रेरणा ने उनमें आत्मविश्वास बढ़ाया और परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने की दिशा में आगे बढ़ने का संबल दिया।

जरा हटके

कचरा प्रबंधन को ...

डॉ0 सीमा गुप्ता

ग्रामीण विकास एवं जनसेवा का प्रेरक मॉडल बन रहीं ग्राम पंचायतें, गाजियाबाद की ग्राम पंचायत कुम्हैड़ा बनी मिसाल

उत्तर प्रदेश के जनपद गाजियाबाद अंतर्गत विकास खंड मुरादनगर की ग्राम पंचायत कुम्हैड़ा आज राज्य में समग्र ग्रामीण विकास, पारदर्शी जनसेवा और आधुनिक बुनियादी ढांचे की एक विशिष्ट मिसाल बनकर उभरी है। प्रदेश सरकार की 'योजनाएं जनता के द्वार' की नीति को धरातल पर क्रियान्वित करते हुए इस ग्राम पंचायत ने यह सिद्ध किया है कि सुदृढ़ प्रशासनिक इच्छाशक्ति और सक्रिय जनसहभागिता से ग्राम्य जीवन में व्यापक गुणात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

जनपद गाजियाबाद के मुरादनगर क्षेत्र में स्थित इस गांव के सामान्य नागरिक पूर्व में सुविधाओं एवं शासकीय अभिलेखों के लिए तहसील व जिला मुख्यालय की दौड़ लगाने को विवश थे। केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के समन्वित प्रभाव तथा जिला प्रशासन के सतत मार्गदर्शन से अब यह निर्भरता पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। गांव में ही आवश्यक सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित होने से ग्रामीणों के समय और धन की सीधी बचत हो रही है तथा शहरों की ओर अनावश्यक आवागमन थम गया है।

ग्राम पंचायत में सुसज्जित पंचायत सचिवालय को ग्रामीण सुशासन के केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। यहां पंचायत सहायक के माध्यम से ई-डिस्ट्रिक्ट एवं विभागीय पोर्टलों की सेवाएं नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, फैमिली आईडी, आयुष्मान कार्ड तथा पैन कार्ड जैसी आवश्यक सेवाएं ग्रामीणों को पारदर्शी प्रक्रिया के तहत बिना किसी विलंब के उनके गांव में ही प्राप्त हो जा रही हैं। सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन एवं दिव्यांगजन पेंशन योजनाओं का शत-प्रतिशत आच्छादन इसी केंद्र से सुनिश्चित किया जा रहा है। पात्र लाभार्थियों की पहचान और योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए ग्राम सभाओं, नियमित जनचौपालों तथा सार्वजनिक भवनों पर सूचना पटों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इससे योजनाओं के चयन और क्रियान्वयन में पूर्ण निष्पक्षता और जवाबदेही स्थापित हुई है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत कुम्हैड़ा में स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन की एक सुदृढ़ व्यवस्था लागू की गई है। गांव के प्रत्येक घर से कचरा उठाने के लिए डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण प्रणाली संचालित है। एकत्रित अपशिष्ट के वैज्ञानिक व पर्यावरण-अनुकूल निस्तारण हेतु रिसोर्स रिकवरी सेंटर (आरआरसी) स्थापित किया गया है, जहां सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग छांटकर निस्तारित करने की आधुनिक पद्धति अपनाई गई है।

कचरा प्रबंधन को आत्मनिर्भरता और चक्रीय अर्थव्यवस्था से जोड़ते हुए ग्राम पंचायत में जैविक अपशिष्ट से वर्मी कम्पोस्ट (केंचुआ खाद) तैयार की जा रही है। इस खाद का उपयोग सार्वजनिक उद्यानों और कृषि में किया जा रहा है। इसके साथ ही प्लास्टिक, पॉलीथिन और अन्य अजैविक कचरों की छंटाई कर उनका नियमानुसार निस्तारण किया जाता है, जिससे पर्यावरणीय प्रदूषण पर प्रभावी अंकुश लगा है और पंचायत की आंतरिक आय (ओन सोर्स रेवेन्यू) में भी निरंतर वृद्धि हो रही है।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ग्राम पंचायत द्वारा 'कबाड़ से कला' (वेस्ट टू वेल्थ) का एक अनूठा और अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया गया है। गांव के पारंपरिक तालाबों की गहन सफाई के दौरान भारी मात्रा में निकली अनुपयोगी प्लास्टिक और पन्नी को प्रसंस्कृत कर आकर्षक एवं टिकाऊ बेंचों का निर्माण कराया गया है। इन पर्यावरण-अनुकूल बेंचों को तालाब के किनारे स्थापित किया गया है, जो ग्रामीणों के बैठने के काम आने के साथ-साथ नवाचार का सजीव उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। जल संरक्षण एवं भूजल स्तर सुधार के उद्देश्य से ग्राम पंचायत में पारम्परिक जलस्रोतों का जीर्णोद्धार प्राथमिकता के आधार पर कराया गया है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के सहयोग से तालाब के चारों ओर पक्के तटबन्ध, हरियाली और पैदल पथ विकसित किए गए हैं। गंदे और दूषित पानी को तालाब में जाने से रोकने के लिए इनलेट पर फिल्टर चौंबर (सिल्ट डिटेंशन चौंबर) निर्मित किए गए हैं, जिससे शोधित व स्वच्छ जल ही जलाशय में पहुंचे। ग्रामीण स्वास्थ्य और जीवन स्तर को उन्नत बनाने के लिए जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पेयजल टंकी और पाइपलाइन प्रणाली से हर घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इसके साथ ही गांव में निर्मित सामुदायिक शौचालयों का नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया गया है। सफाई कर्मियों के निर्धारित रोस्टर के अनुसार संपर्क मार्गों, गलियों और पक्की नालियों की दैनिक सफाई से गांव में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हुआ है तथा संक्रामक रोगों से बचाव में सहायता मिल रही है।

ग्राम्य युवाओं के बौद्धिक सशक्तीकरण और शैक्षणिक उन्नयन के लिए ग्राम पंचायत में एक आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की गई है। कम्प्यूटर, हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी, प्रिन्टर तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की स्तरीय पुस्तकों और पत्रिकाओं से सुसज्जित यह लाइब्रेरी ग्रामीण युवाओं के लिए अध्ययन का उत्कृष्ट केंद्र बन चुकी है। अब गांव के मेधावी छात्र-छात्राओं को सिविल सेवा, इंजीनि-यरिंग, मेडिकल या अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महानगरों में जाकर अतिरिक्त व्यय करने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

युवाओं और नागरिकों में स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए गांव में ओपन जिम का निर्माण कराया गया है। इस खुले व्यायामशाला में विभिन्न प्रकार के आधुनिक फिटनेस उपकरण स्थापित किए गए हैं, जिनका लाभ युवा, बुजुर्ग और महिलाएं प्रतिदिन उठा रहे हैं। ग्रामीण स्तर पर खेल और फिटनेस अधोसंरचना के इस विस्तार से गांव में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है और युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा मिली है।

एफएसडीए ने 10 नए चैरिटेबल ब्लड बैंक पर लगाई रोक, 158 केंद्रों की हुई जांच

कार्रवाई : बिना जांच ब्लड जारी फ्रीजर में मिला दूषित प्लाज्मा

निरीक्षण

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । मरीजों को सेफ ब्लड और ब्लड कंपोनेंट्स उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (FSDA) ने प्रदेश में बुधवार को चैरिटेबल ब्लड सेंटरों पर कार्रवाई की। कार्रवाई में 10 और ब्लड बैंक के संचालन पर तत्काल रोक लगा दी गई है, इससे पहले 14 केंद्रों पर कार्रवाई की गई थी।

अभियान के तहत 62 जिलों के 158 ब्लड बैंक का निरीक्षण किया जा चुका है। औचक जांच में कहीं बिना अनिवार्य संक्रमण जांच के

आज की कार्रवाई में 10 ब्लड बैंक पर गंभीर अनियमितताएं मिलीं। कई जगह बिना एलिसा जांच के ब्लड जारी किया जा रहा था। कुछ केंद्रों पर ब्लड कंपोनेंट्स की गुणवत्ता और सुरक्षित स्टोरेज के मानकों का पालन नहीं हो रहा था।

ब्लड जारी किया गया तो कहीं दूषित फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा (FFP), खराब कोल्ड चेन और तकनीकी स्टाफ की गैरमौजूदगी मिली। इससे पहले विभाग आगरा के जय हिंद और श्री बालाजी, मुरादाबाद के पाकवारा, अमरोहा के जीवन-24, बिजनौर के यशवंती, बदायूं के भारत ह्यूमैनिटी, बुलंदशहर के डिबाई, जौनपुर के बदलापुर, लखीमपुर खीरी के अनुभव, गोरखपुर के मन्या, अलीगढ़ के न्यू बापू और लखनऊ के KHS, लिटिल स्टार और रामा चैरिटेबल ब्लड सेंटर पर कार्रवाई कर चुका है। इन केंद्रों की जांच में ELISA के बजाय रैपिड किट से संक्रमण की जांच, -80 डिग्री सेल्सियस क्षमता वाले डीप फ्रीजर में 26.7 डिग्री सेल्सियस तापमान, कंपोनेंट रूम में फफूंद, एक्सपायर्ड दवाइयों का इस्तेमाल और जरूरी स्टाफ की गैरमौजूदगी जैसी खामियां मिली थीं। FSDA ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं मिलने वाले केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जा रहे हैं। जिन ब्लड सेंटरों के संचालन पर रोक लगी है, वहां मौजूद ब्लड और ब्लड कंपोनेंट्स के सुरक्षित निस्तारण के लिए सभी जिलाधिकारियों को एडवाइजरी जारी की गई है। विभाग का जोर ब्लड कलेक्शन, जांच, स्टोरेज और मरीजों तक सप्लाई की पूरी प्रक्रिया को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने पर है।

ब्लड की जांच से लेकर स्टोरेज तक की पड़ताल

FSDA की अंतरजनपदीय औषधि निरीक्षक टीमें ब्लड सेंटरों में ब्लड कलेक्शन से लेकर मरीजों तक उसकी सप्लाई की व्यवस्था जांच रही हैं। इसमें HIV, HCV और HBsAg की अनिवार्य जांच के लिए ELISA व्यवस्था, ब्लड स्टोरेज, कोल्ड चेन, तापमान नियंत्रण, डोनर और इश्यू रजिस्टर, स्टॉक का मिलान और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती देखी जा रही है। डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के दौरान मरीजों को ब्लड और प्लेटलेट्स की ज्यादा जरूरत पड़ती है। ऐसे में ब्लड सेंटरों की लापरवाही मरीजों की जान के लिए खतरा बन सकती है। इसी को देखते हुए विभाग ने चैरिटेबल ट्रस्ट और सोसाइटी से संचालित ब्लड सेंटरों की जांच तेज की है।

FSDA ने अब तक 62 जिलों के 158 ब्लड बैंक का निरीक्षण किया है।

सिलेंडर ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

बोले- कंपनी ने कुछ एजेंसियों तक सीमित किया

तमसा संकेत, एजेंसी

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ के अमौसी इंडियन ऑयल एलपीजी बॉटलिंग प्लांट में बुधवार को दूसरे दिन भी ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल जारी रही। ट्रांसपोर्टरों ने ट्रक खड़े रखे और सिलेंडरों की उठान नहीं की। इससे लखनऊ की सभी 80 इंडेन गैस एजेंसियों और बाराबंकी की कुछ एजेंसियों पर सप्लाई रुक गई।

ट्रांसपोर्टरों के मुताबिक, 2023 में इंडियन ऑयल ने 192 गैस एजेंसियों तक सिलेंडर पहुंचाने का काम देने का वादा किया था। बाद में काम घटाकर कुछ एजेंसियों तक समीति कर दिया गया। इससे कमाई घटी और खर्च निकालना मुश्किल हो गया। कई शिकायतों के बाद भी समाधान नहीं हुआ।

ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि हम

लोगों से कई जिलों में सप्लाई करने की बात कहीं गई थी। लेकिन अब 80 एजेंसियों तक सीमित कर दिया गया। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि हम लोगों से कई जिलों में सप्लाई करने की बात कहीं गई थी। लेकिन अब 80 एजेंसियों तक सीमित कर दिया गया। ट्रांसपोर्टर अतुल यादव और योगेश सिंह ने बताया कि 2023 में टेंडर के दौरान इंडियन ऑयल ने लखनऊ समेत बाराबंकी, फैजाबाद, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और सीतापुर की कुल 192 गैस एजेंसियों तक सिलेंडर पहुंचाने का काम देने का वादा किया था।

फास्ट न्यूज

बाजारखाला में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ । लखनऊ में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसका शव बंद कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। मृतका की मां ने पति समेत ससुराल के तीन लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। घटना बाजारखाला इलाके में मंगलवार देर रात की है।

पीएम मोदी से आज मिलेंगी लखनऊ की छात्रा संजना

लखनऊ । लखनऊ के डॉ.शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की छात्रा संजना कुमारी गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगी। एशियन पैरा गेम्स में मेडल जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों को प्रधानमंत्री ने दिल्ली बुलाया है। संजना बुधवार को दिल्ली पहुंच गईं। प्रधानमंत्री से मिलने को लेकर वह काफी उत्साहित हैं। 18 से 24 अक्टूबर 2026 तक जापान के आइची-नागोया में हुए एशियन पैरा गेम्स में संजना ने बैडमिंटन की महिला एकल एसएल-3 स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

लखनऊ से फाइलेरिया अभियान की शुरुआत

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के 16 जिलों के 53 ब्लाक में 19 नवंबर से 7 दिसंबर तक सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया जाएगा। इससे पहले स्वास्थ्य विभाग ने अब तक फाइलेरिया रोधी दवा नहीं खाने वाले लोगों और दीपावली पर घर लौट रहे प्रवासियों को दवा खिलाने का फैसला किया है। इसके लिए गुरुवार से 15 नवंबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा।

धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ सपा यूथ ब्रिगेड ने दी तहरीर

लखनऊ में एफआईआर की मांग, श्रीकृष्ण के अपमान का आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में बुधवार को समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज थाने पहुंचकर उनके खिलाफ तहरीर दी और FIR दर्ज करने की मांग की।

मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव प्रवेश यादव ने तहरीर देकर धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की त्रिभंगी मुद्रा, उनके नाम और बांसुरी बजाने की शैली को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण की तुलना भगवान श्रीराम से करते हुए ऐसी भाषा का इस्तेमाल

आरोप लगाया कि धीरेंद्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण को लेकर विवादित बयान दिया है, जिससे करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

किया, जो उचित नहीं है।

प्रवेश यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व उपहास या तुलना का विषय नहीं है। वे प्रेम, करुणा, न्याय, नीति, साहस और धर्म की स्थापना के प्रतीक हैं। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण दोनों सनातन धर्म के आराध्य हैं। दोनों के व्यक्तित्व, लीलाओं और आदर्शों का अपना अलग महत्व है।

उन्होंने कहा कि एक भगवान की महिमा बताने के लिए दूसरे के स्वरूप या व्यक्तित्व को कमतर दिखाना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। कार्यकर्ताओं ने पुलिस से मामले को गंभीरता से लेते हुए FIR दर्ज करने और धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

70 दिन से कर रहे प्रदर्शन, बोले- 8 साल से नौकरी का इंतजार

68,500 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने एससीईआरटी कार्यालय घेरा

घेराव

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती में नियुक्ति की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का आंदोलन तेज हो गया है। बुधवार को 70 दिनों से प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने निशातगंज स्थित SCERT कार्यालय का घेराव किया। जमीन पर बैठकर नारेबाजी की और आरक्षण में गड़बड़ी का आरोप लगाया। अभ्यर्थियों का कहना है कि मंत्री, विधायक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तक से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन आठ साल बाद भी नियुक्ति नहीं मिली।

प्रदर्शनकारी तूफान सिंह ने

लखनऊ में 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का बुधवार को भी प्रदर्शन जारी रहा।

आरोप लगाया कि 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती में बड़े स्तर पर आरक्षण संबंधी गड़बड़ी हुई है। उनके मुताबिक, राज्य और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी इस मामले में नियमों का पालन करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी मांग है कि आयोग के आदेशों का पालन कर नियुक्ति दी जाए। वर्ष 2018 में भर्ती निकली थी। तभी उन्होंने आवेदन किया था। आठ साल बीतने के बाद भी नौकरी नहीं मिली। अभ्यर्थियों का कहना है कि मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रियों और विधायकों तक अपनी बात पहुंचा चुके हैं, लेकिन अब तक उन्हें रोजगार नहीं मिला है।

मंत्रियों के सामने भी उठाया आरक्षण का मुद्दा

प्रदर्शनकारी नवीन ने बताया कि 10 सितंबर को उनकी मुलाकात बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी से हुई थी। बैठक में दोनों विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। नवीन का दावा है कि बैठक में मंत्रियों और अधिकारियों ने भर्ती में गड़बड़ी की बात स्वीकार की थी। उन्होंने कहा कि जब राज्य और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग भी आरक्षण में गड़बड़ी मान चुके हैं, तो अभ्यर्थियों को अब तक नियुक्ति क्यों नहीं दी गई।

बोले- जातीय टिप्पणी बर्दाश्त नहीं, कार्यकर्ताओं ने कहा- संगीत रागी ने यादव समाज का अपमान किया

सपा कार्यकर्ताओं ने डीयू प्रोफेसर का पुतला फूंका

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3 पर बुधवार को समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर संगीत रागी का पुतला फूंका। साथ ही उनकी तस्वीर को पैरों से रौंदा।

छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रोफेसर पर जातीय टिप्पणी करने का आरोप लगाया। पुतला जलते ही मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी उसे लेकर वहां से हट गए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि किसी भी प्रकार की जातीय टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अमित यादव ने कहा कि संगीत

प्रदर्शन कर रहे आदित्य पांडेय ने कहा- यादव समाज पर की गई टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

रागी जैसे लोग कुंठित विचारधारा के हैं। इन्हें सबसे पहले प्रोफेसर के पद से हटाया जाए। जिस व्यक्ति की सोच अच्छी नहीं है वह छात्रों को अच्छी शिक्षा कैसे दे सकता है। हमारी मांग है कि पूरे यादव समाज पर अभद्र टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। इससे पहले ओम प्रकाश राजभर ने इसी प्रकार की टिप्पणी किया था। वहीं मौजूदा समय में कथा वाचक धीरेंद्र शास्त्री ने भी भगवान श्री कृष्ण का अपमान करने का काम किया है।

सपा छात्रसभा के कार्यकर्ताओं ने प्रोफेसर संगीत रागी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

'टिप्पणी यादव समाज को लेकर की गई'

प्रदर्शन कर रहे आदित्य पांडेय ने कहा कि संगीत रागी समाजवादी पार्टी के सम्मानित प्रवक्ता पर जातिगत टिप्पणी किया है। यह टिप्पणी यादव समाज को लेकर की गई है। यह सिर्फ व्यक्ति विशेष पर नहीं बल्कि पूरे समाज से अभद्रता है।

हम लोग किसी भी स्थिति में सपा नेता मनोज काका और उन पर की गई जातीय टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी व्यक्ति की छोटी सोच और मानसिक दिवालियापन का परिणाम है।

शिया कॉलेज में पॉक्सो जागरूकता कार्यक्रम

लखनऊ । लखनऊ में उच्च न्यायालय के निर्देश पर शिया इंटर कॉलेज में पॉक्सो एक्ट को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि न्यायाधीश राजदीप सिंह ने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट-2012 के प्रमुख प्रावधानों, यौन शोषण से बचाव और उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने कानून से जुड़े विद्यार्थियों के सवालों और शंकाओं का भी समाधान किया।

इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. एस. हसन सईद ने विद्यार्थियों को पढ़ाई पर ध्यान देने और सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने सशक्त समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन गुलाम हुसैन जैदी ने किया। इस दौरान शाहिद हुसैन रिजवी, हुसैन रजा, अहसन सईद आबदी, असगर मेंहदी, हसन परवेज जैदी सहित कॉलेज के शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

लखनऊ से जेद्दा और मदीना के लिए सीधी उड़ान शुरू

सऊदी अरब के 3 शहरों से जुड़ा एयरपोर्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सऊदी अरब के लिए हवाई कनेक्टिविटी बढ़ेगी। लो-कॉस्ट एयरलाइन फ्लाईएडील बुधवार (4 नवंबर) से लखनऊ-जेद्दा के बीच सीधी उड़ान शुरू करेगी। इसके साथ ही लखनऊ से मदीना के लिए भी सीधी हवाई सेवा शुरू की जा रही है। दम्माम के लिए पहले से उड़ानें संचालित हैं। इससे उमरा करने जाने वाले यात्रियों, प्रवासियों और व्यापारियों को सहूलियत मिलेगी।

फ्लाईएडील की जेद्दा सेवा सोमवार, बुधवार और रविवार को संचालित होगी। वहीं, मदीना के लिए गुरुवार और शनिवार को उड़ान उपलब्ध रहेगी। दम्माम के लिए मंगलवार और शुक्रवार को पहले से संचालित उड़ानें जारी रहेंगी।

नई उड़ानों से उमरा और अन्य

धार्मिक यात्राओं पर सऊदी अरब जाने वाले यात्रियों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। सऊदी अरब में काम करने वाले भारतीय प्रवासियों और उनके परिवारों को भी फायदा होगा। इसके अलावा व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।लखनऊ एयरपोर्ट से अब जेद्दा, मदीना और दम्माम के लिए सीधी उड़ानें उपलब्ध होंगी। इससे उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को सऊदी अरब जाने के लिए बेहतर विकल्प मिलेगा।

खुलासा : एक इन्फ्लुएंसर, दूसरी ग्राफिक्स डिजाइनर, नेपाल तक ट्रेकिंग कर चुकी थीं

2 बहनें उत्तरकाशी में बर्फ में दबी मिलीं

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। उत्तरकाशी के केदारताल ट्रैक पर बर्फबारी की चपेट में आने से लापता 8 लोगों में से अब तक 6 की मौत हो चुकी है। बुधवार सुबह सर्च ऑपरेशन के दौरान 3 और शव बरामद किए गए। इनमें लखनऊ के गायत्रीपुरम में रहने वाली 2 सगी बहनें वर्तिका वर्मा और दीपिका वर्मा भी शामिल हैं।

वर्तिका और दीपिका को पहाड़ों पर ट्रेकिंग का शौक था। भारत और नेपाल के कई ट्रेक पूरे कर चुकीं दोनों बहनें केदारताल गई थीं। दोनों की तलाश में उनके भाई अतुल वर्मा घरवालों के साथ उत्तरकाशी पहुंचे थे। परिवार को हादसे की

वर्तिका-दीपिका की आखिरी ट्रेकिंग

पहाड़ों से था प्यार, कई ट्रेक कर चुकी थीं बहनें

वर्तिका और दीपिका को ट्रेकिंग का शौक था। दोनों भारत और नेपाल में कई जगहों पर ट्रेकिंग कर चुकी थीं। करीब 2 महीने पहले ही दोनों फूलों की घाटी और हेमकुंड साहिब की यात्रा से लौटी थीं। एक साल पहले भी दोनों बहनों ने अपने भाई अतुल और दोस्तों के साथ उत्तरकाशी के मोरी क्षेत्र में केदारकांठा की ट्रेकिंग की थी। वर्तिका फ्रीलांस इन्फ्लुएंसर थीं, जबकि दीपिका एक प्राइवेट कंपनी में ग्राफिक्स डिजाइनर के तौर पर काम करती थीं।

जानकारी ट्रेकिंग एजेंसी से नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पर खबर देखकर मिली। 27 अक्टूबर को वर्तिका और दीपिका 7 ट्रेकर्स और 5 सपोर्ट स्टाफ के साथ गंगोत्री से केदारताल के लिए रवाना हुई थीं। 3 दिन के इस ट्रेक से सभी को 29 अक्टूबर को लौटना था। लेकिन, मौसम बिगड़ने और भारी बर्फबारी से रास्ते में हिमस्खलन हो गया। इससे वापसी का रास्ता बंद हो गया और दल के 8 सदस्य बीच में ही फंस गए। 30 अक्टूबर को ट्रेकिंग एजेंसी को दल के कुछ सदस्यों ने कच्ची ढांग के पास फंसे होने की जानकारी देकर मदद मांगी। इसके बाद रेस्क्यू शुरू हुआ। 31 अक्टूबर को सपोर्ट टीम के 4 सदस्य सुरक्षित निकाल लिए गए।

अतुल वर्मा के मुताबिक, परिवार को ट्रेकिंग एजेंसी की ओर से हादसे के बारे में नहीं बताया गया। सोशल मीडिया पर खबर देखने के बाद वह घरवालों के साथ उत्तरकाशी पहुंचे। घरवालों ने ट्रेकिंग एजेंसी की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि खराब मौसम के बावजूद ट्रेकिंग कराई गई। हादसे के बाद भी हमें समय पर जानकारी नहीं मिली।

जेसीबी की चपेट में आई महिला, मौत रिश्तेदार से मिलने हॉस्पिटल जा रही थी

- हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस
- जेसीबी चालक की तलाश में जुटी पुलिस

बैक करते समय पहिये के नीचे दबी

तमसा संकेत, एजेंसी

दुबग्गा । लखनऊ में सड़क खुदाई के दौरान जेसीबी की चपेट में आने से 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसा अंधे की चौकी के पास मल्टी केयर हॉस्पिटल के सामने हुआ। घटना के बाद चालक जेसीबी छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मशीन कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, बुधवार सुबह करीब 11:40 बजे सड़क पर खुदाई का काम चल रहा था। इसी दौरान जेसीबी चालक मशीन पीछे कर रहा था। तभी वहां से हॉस्पिटल में रिश्तेदार से मिलने जा

रही महिला पहिये के नीचे आ गई। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना दुबग्गा इलाके की है। मृतका की पहचान सबिया (60), पत्नी छोटा, निवासी बेबी मार्टिन स्कूल के पास दुबग्गा के रूप में हुई। , वह अपनी रिश्तेदार मेराज को देखने हॉस्पिटल जा रही थीं। इसी दौरान सड़क निर्माण कार्य में लगी जेसीबी को ड्राइवर बैक कर रहा था। तभी वहां से निकल रही सबिया पहिये के नीचे आ गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ देर बाद मृतका के परिजन भी वहां पहुंच गए। उन्होंने घटना पर आक्रोश जताया। पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत कराया। एहतियातन मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस ने जेसीबी कब्जे में ले ली है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फिरोजाबाद में खुद ड्राइव कर रही थीं, दूसरी गाड़ी से टकराई, आगरा की रहने वाली थीं

कार पलटने से उपभोक्ता फोरम की महिला सदस्य की मौत

हादसा

तमसा संकेत, एजेंसी

फिरोजाबाद । फिरोजाबाद में बुधवार सुबह दो कारों की टक्कर में न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनम चतुर्वेदी की मौत हो गई। टक्कर के बाद मजिस्ट्रेट की कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। कार मजिस्ट्रेट सोनम ही चला रही थीं।

सिर में गभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सड़क को क्रेन से किनारे कराया।

मजिस्ट्रेट को जिला अस्पताल भेजा। वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला थाना मक्खनपुर क्षेत्र का है। आगरा के ताजनगरी फेस वन निवासी सोनम चतुर्वेदी (45) बुधवार सुबह करीब 10:15 बजे स्विफ्ट डिजायर कार से जा रही थीं। आगे चल रही एक्सेंट कार और उनकी कार की रफ्तार काफी तेज थी।

दूसरी कार का ड्राइवर फरार हो गया

वहीं, हादसे के बाद एक्सेंट कार का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ शिकोहाबाद जयबिंद गुप्ता मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि दो कारों की टक्कर में स्विफ्ट डिजायर सवार महिला की मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मजिस्ट्रेट की कार दूसरी कार से टकराने के बाद पलट गई। क्रेन से गाड़ी को किनारे कराया गया।

कंज्यूमर कोर्ट में तैनात थीं मजिस्ट्रेट

दुर्घटना में सोनम चतुर्वेदी के सिर में गंभीर चोटें आईं। चोट इतनी घातक थी कि उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सोनम चतुर्वेदी कंज्यूमर कोर्ट में न्यायिक मजिस्ट्रेट थीं।

हादसे की सूचना मिलते ही थाना मक्खनपुर के थानाध्यक्ष चमन कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दोनों दुर्घट-नाग्रस्त कारों को सड़क के किनारे कराया।

मक्खनपुर इलाके में अचानक स्विफ्ट डिजायर अनियंत्रित हो गई और आगे चल रही एक्सेंट कार में पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्विफ्ट डिजायर सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

आगरा कॉलेज में 41 पेड़ कटवाने पर प्राचार्य पर केस

एनजीटी के निर्देश पर कार्रवाई, बिना अनुमति काटे गए पेड़

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा । कॉलेज में निर्माण कार्य के दौरान 41 पेड़ों के अवैध कटान के मामले में वन विभाग ने कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सीके गौतम के खिलाफ केस दर्ज किया है। वन अपराध संख्या 08/शहर/2025-26 के तहत यह कार्रवाई की गई है। मामला अब न्यायालय में विचाराधीन है।

यह कार्रवाई पर्यावरण कार्यकर्ता अपूर्व शर्मा की शिकायत के बाद हुई। शिकायत पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) ने जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद वन विभाग की टीम ने कॉलेज परिसर का निरीक्षण किया। जांच में 39 विलायती बबूल, एक लिसोड़ा और एक पापड़ी का पेड़ काटे जाने की पुष्टि हुई।

इस मामले में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने 29 सितंबर 2026 को NGT में शपथपत्र दाखिल किया। इसमें वन विभाग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया गया कि कॉलेज के प्राचार्य के खिलाफ वन अपराध का मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

रिपोर्ट में कॉलेज की प्रबंध समिति के सचिव की भूमिका भी जांच के दायरे में बताई गई है। आशंका जताई गई है कि प्रबंधन की सहमति के बिना इतने बड़े स्तर पर निर्माण कार्य और पेड़ों का कटान संभव नहीं है। आगरा ताज ट्रेपेजियम जोन (TTZ) क्षेत्र में आता है। यहां सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के तहत संबंधित अनुमति के बिना पेड़ों का कटान प्रतिबंधित है।

फास्ट न्यूज

कानपुर चिड़ियाघर में तेंदुए मुराद की मौत

कानपुर । चिड़ियाघर में बुधवार को 13 साल के तेंदुए मुराद की मौत हो गई। मुराद पिछले कई दिनों से बीमार था। उसने चार दिन से खाना नहीं खाया था और दो दिनों से पानी भी पीना बंद कर दिया था। जू के चिकित्सक लगातार उसका इलाज कर रहे थे, लेकिन बुधवार को कार्डियक अरेस्ट आने से उसकी मौत हो गई। जू के चिकित्सक डॉ. नासिर के मुताबिक, मुराद के पैर में घाव हो गया था। वह बार-बार अपने पंजे के घाव को नोच रहा था, जिससे उसकी परेशानी बढ़ती जा रही थी। चार दिनों से उसका उपचार चल रहा था।

कालपी बार अध्यक्ष हत्याकांड

कानपुर । कालपी बार एसोसि-एशन के अध्यक्ष गयादीन अहिरवार की हत्या के मामले में कानपुर नगर निगम के ठेकेदार इंद्रजीत यादव की गिरफ्तारी के बाद शहर के कई विकास कार्यों की रफ्तार थमने का खतरा मंडराने लगा है। नगर निगम में उसकी अलग-अलग फर्मों के नाम पर करीब 15 से 20 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के टेंडर आवंटित हैं। इनमें कई सड़क निर्माण समेत अन्य महत्वपूर्ण काम शामिल हैं। ठेकेदार इंद्रजीत यादव की गिरफ्तारी के बाद नगर निगम के अफसरों ने उसकी फर्मों से जुड़ी पत्रावलियों की पड़ताल शुरू कर दी है।

धान खरीदी के बहिष्कार की चेतावनी

कानपुर। कानपुर में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में कस्टम मिल्ड राइस (सीएम-आर) पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि समाप्त किए जाने और सख्त खरीद नीति के विरोध में प्रदेश के राइस मिलर्स ने नाराजगी जताई है। द यूपी राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विनय शुक्ला ने कहा कि प्रोत्साहन राशि बंद होने से मिलर्स की सीएमआर कार्य में रुचि कम हुई है। इसका असर धान खरीद पर पड़ रहा है ।

मां-बेटी को बोनट पर बैठाकर 2 केएम दौड़ाई कार 2 आरोपी गिरफ्तार

मथुरा में घर पहुंचे थे 3 युवक, भीड़ ने घेरा तो भागे

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा । मथुरा के जमुनापार थाना क्षेत्र के पानीगांव में रुपयों के लेन-देन के विवाद में कार सवार युवकों ने मां-बेटी को बोनट पर बैठाकर करीब 2 किलोमीटर तक तेज रफ्तार में कार दौड़ाई। मंगलवार रात हुई घटना का CCTV फुटेज सामने आया है। इसमें मां-बेटी कार के बोनट पर लटकी दिखाई दे रही हैं। पुलिस ने मामले में प्रेम और पुनीत नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मुकदमे में हत्या के प्रयास की धारा भी बढ़ाई है। पीड़ित पवन के मुताबिक, स्विफ्ट डिजायर कार में सवार तीन युवक शराब के नशे में उसके घर पहुंचे थे। इनमें प्रेम और पुनीत के अलावा एक अन्य युवक शामिल था। आरोप है कि तीनों ने घर पहुंचकर गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। विवाद की वजह पुराने मुकदमे में खर्च हुए रुपयों का लेन-देन बताया जा रहा है। दोनों पक्ष इस मुकदमे को साथ लड़ रहे थे। आरोप है कि आरोपी पुराने मामले में खर्च हुए पैसों का तगादा करने पहुंचे थे।

पवन के मुताबिक, शोर सुनकर मोहल्ले के 50 से 100 लोग मौके पर जुट गए और आरोपियों की कार को घेर लिया। इसके बाद आरोपी तेज रफ्तार में कार लेकर भागने लगे। इसी दौरान उसकी मां सुशीला देवी और एक अन्य महिला कार के बोनट पर आ गईं। आरोप है कि कार सवार दोनों महिलाओं को करीब डेढ़ से दो किलोमीटर तक बोनट पर बैठाकर ले गए। बाद में उन्हें मांट रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास छोड़कर आरोपी फरार हो गए। बोनट पर लटकी शीला ने बताया कि प्रेम नाम का व्यक्ति गाड़ी लेकर उनके घर आया था। वह गाड़ी में सामान रखकर खड़ा था। उससे कहां जाने के बारे में पूछने पर विवाद हो गया। महिला के मुताबिक, आरोपी उनसे रुपये मांग रहा था और पैसे नहीं देने पर धमकी दे रहा था। उन्होंने पहले से किसी रंजिश की जानकारी होने से इनकार किया। महिला ने प्रेम और पुनीत का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि अब उन्हें धमकाया जा रहा है।

शीला ने बताया कि घटना के दौरान मौके पर काफी भीड़ थी। पुलिस भी पीछे आई थी, लेकिन पूछताछ और देखभाल के बाद वहां से चली गई।

स्वामी प्रसाद के मुद्दे पर मौर्य समाज नाराज, बोले- पीडीए का नारा सिर्फ चुनाव तक

अखिलेश के खिलाफ लगे 'बॉयकॉट सपा' के बैनर

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ राजधानी में पिछड़े समाज के लोगों की नाराजगी खुलकर सामने आने लगी है। शहर के अलग-अलग इलाकों में 'बॉयकॉट अखिलेश यादव' और 'बॉयकॉट समाजवादी पार्टी' के बैनर लगाकर विरोध जताया गया है।

यह नाराजगी स्वामी प्रसाद मौर्य को लेकर अखिलेश यादव की कथित बयानबाजी और सपा कार्यकर्ताओं की अभद्र टिप्पणियों के विरोध में है। मौर्य, शाक्य, सैनी और कुशवाहा समाज के लोगों ने सपा की पीडीए राजनीति पर सवाल उठाते हुए सम्मान और राजनीतिक भागीदारी का मुद्दा उठाया है।

बैनरों के जरिए समाजवादी पार्टी की नीतियों और पीडीए के नारे पर सवाल खड़े किए गए हैं। विरोध करने वालों ने इसे पिछड़े समाज के सम्मान से जोड़ते हुए सपा के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है।

विरोध करने वालों का कहना है कि यह मामला सिर्फ स्वामी प्रसाद मौर्य तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे पिछड़े समाज के सम्मान और राजनीतिक भागीदारी से जुड़ा है। उनका आरोप है कि समाज के नेताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणियों पर सपा नेतृत्व ने प्रभावी रुख नहीं अपनाया। इसी नाराजगी को लेकर मौर्य, शाक्य, सैनी और कुशवाहा समाज के लोगों ने बैनर लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया है।

पीडीए के नारे और पिछड़े समाज के सम्मान पर सवाल

विरोध कर रहे लोगों ने अखिलेश यादव की पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) की राजनीति पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि सपा पिछड़े समाज के सम्मान और सामाजिक न्याय की बात करती है, लेकिन स्वामी प्रसाद मौर्य के मामले में पार्टी का रवैया अलग नजर आ रहा है। बैनरों के जरिए पूछा गया है कि पीडीए का नारा सिर्फ चुनावी राजनीति तक सीमित है या पार्टी पिछड़े समाज के नेताओं को भी बराबरी का सम्मान देती है।

3 दिन पहले सस्पेंड दरोगा ने की खुदखुशी

27 साल के बेटे की पिता लाश देखकर बेसुध, अलीगढ़ एसएसपी ने कार्रवाई की थी

तमसा संकेत, एजेंसी

अलीगढ़ । अलीगढ़ में 27 साल के सस्पेंड दरोगा ने सुसाइड कर लिया। 3 दिन पहले SSP नीरज जादौन ने सुंदरम तिवारी को सस्पेंड किया था। उनका शराब के नशे में झूमने का वीडियो सामने आया था।

पिता के मुताबिक, सस्पेंड होने के बाद से ही वह परेशान थे। बुधवार सुबह 8 बजे पिता नाश्ता लेने बाहर गए थे। वहां से लौटे तो बेटा फंदे पर लटका मिला। कमरे का दरवाजा खुला था। बेटे का शव देखकर पिता फूट-फूटकर रोने लगे और बेसुध हो गए। सुंदरम तिवारी की अभी शादी नहीं हुई थी। वह मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के रहने वाले थे। 3 साल पहले दरोगा बने थे। इसके बाद से ही अलीगढ़ में उनकी पोस्टिंग थी। वह अपने पिता श्रीचंद्र तिवारी के साथ रहते थे। घटना शहर के बन्नादेवी थाना क्षेत्र की है।

सुंदरम तिवारी की मां और भाई छतरपुर के परौरा गांव में रहते हैं। परिवार के मुताबिक, सुंदरम की शादी के लिए दो-तीन जगह बातचीत हुई थी, लेकिन कहीं बात तय नहीं हो सकी थी।

पिता ने बताया, '3 दिन पहले सोशल मीडिया पर बेटे का वीडियो वायरल हुआ था। इसमें उसे दीवानी परिसर के बाहर शराब के नशे में झूमते हुए दिखाया गया था। वीडियो सामने आने के बाद SSP ने उसे सस्पेंड कर दिया था। कार्रवाई के बाद सुंदरम हर दिन पुलिस लाइन जा रहा था।' पुलिस के मुताबिक, ट्रेनिंग पूरी करने के बाद सुंदरम तिवारी की पहली पोस्टिंग खैर थाने की बरका चौकी पर हुई थी। वहां तैनाती के दौरान उनके नशे में रहने की शिकायतें अधिकारियों तक पहुंचीं। इसके बाद उन्हें बरका चौकी से हटाकर बरला थाने की बरला चौकी भेज दिया गया। कुछ समय बाद वहां से भी इसी तरह की शिकायतें मिलने लगीं। इसके बाद कुछ महीने पहले उन्हें पुलिस लाइन ट्रांसफर कर दिया गया था। तब से वह पुलिस लाइन में ही ड्यूटी कर रहे थे।

जिस कमरे में जान दी, उसे 6 दिन पहले किराए पर लिया था

सुंदरम ने 6 दिन पहले डोरीलाल शर्मा के यहां किराए पर कमरा लिया था। पिता श्रीचंद्र तिवारी ने बताया, 'बुधवार सुबह बेटे से बातचीत हुई थी। वह ठीक था। सुबह 8 बजे मैंने उससे कहा कि दुकान से नाश्ता लेने जा रहा हूं।'

इसके बाद मैं दुकान पर चला गया। वहां से बेटे को कई बार फोन किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। अनहोनी की आशंका होने पर घर लौटा तो सुंदरम का शव फंदे पर लटका मिला।

यही वो वीडियो है जिसके सामने आने के बाद एसएसपी ने दरोगा को सस्पेंड किया था।

मकान मालकिन ने बताया कि सुंदरम के अक्सर शराब के नशे में आने की बात सामने आई थी। उन्होंने किराया भी नहीं दिया था। उनकी आदतों को देखते हुए कमरा खाली कराने की बात भी शुरू हो गई थी।

शादीशुदा गर्लफ्रेंड के कमरे में फंदा लगाकर जान दी

कानपुर में देवर ने कुंडी लगाकर बंद किया

तमसा संकेत, एजेंसी

घाटमपुर। कानपुर में एक युवक ने अपनी शादीशुदा गर्लफ्रेंड के घर में फंदा लगाकर जान दे दी। वह मंगलवार देर रात उससे मिलने घर पहुंचा था। वह घर के एक कमरे में बैठा था। इसी दौरान गर्लफ्रेंड के देवर को कमरे में किसी के होने का शक हुआ। उसने बाहर से कमरे की कुंडी लगा दी। फिर परिवार के दूसरे लोगों को बुला लिया। इसके बाद घर में हंगामा शुरू हो गया। परिवार के लोगों के सामने पकड़े जाने और बदनामी के डर से युवक ने कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर जान दे दी।

घरवालों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। कमरे का दरवाजा खोला तो अंदर युवक का शव फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान फतेहपुर के मोहन खेड़ा में रहने वाले शिव प्रताप सिंह (25) उर्फ सौरव के रूप में हुई है। घटना घाटमपुर थाना क्षेत्र की है।

पुलिस के मुताबिक, शिव प्रताप सिंह की फेसबुक पर रवाईपुर की रहने वाली पूजा से दोस्ती हो गई थी। पिछले 3 साल से दोनों के बीच बातचीत हो रही थी। धीरे-धीरे उनकी नजदीकियां बढ़ गईं। पूजा शादीशुदा है। उसका पति आशुतोष सोनकर ललितपुर नगर पालिका में रेवेन्यू इंस्पेक्टर है। दोनों के 2 बच्चे भी हैं। मंगलवार देर रात शिव प्रताप गर्लफ्रेंड पूजा से मिलने उसके घर पहुंचा। उसने अपनी बाइक गांव के बाहर खड़ी की और घर के अंदर चला गया।

पृष्ठ 01 का शेष...

राहुल का धुआं ...

उन्होंने कहा- दिल्ली में हमारी भीड़ का 10 प्रतिशत भी विपक्ष रामलीला मैदान में नहीं जुटा पाया। विपक्ष देश को भरमाने का काम कर रहा है।

रैली में 12 जिलों से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे। बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग 'मोदी है-मोदी रहेगा' लिखी तख्तियां हाथों में लेकर रैली में शामिल हुए।

रैली के बाद महाराणा प्रताप कॉलेज से पदयात्रा निकाली गई। यात्रा में नितिन नवीन, सीएम योगी के अलावा सहयोगी दलों के नेताओं में रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी, निषाद पार्टी के संजय निषाद, सुभासपा के अनिल राजभर आदि शामिल हुए। कानपुर में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा- विपक्ष के लोग बांग्लादेश जैसे हालात लाने और सड़कों पर उतरने की बात कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन का यह मंसूबा कभी पूरा नहीं होगा। जनता का भरोसा इन दलों से उठ चुका है।

प्रयागराज में डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा- राहुल गांधी अपने दादा का नाम नहीं लेते, क्योंकि दादा के नाम के साथ फिरोज खान जुड़ा हुआ है। मैं राहुल गांधी से कहना चाहता हूं कि अभी 30 साल तक आप भारत के प्रधानमंत्री नहीं बन सकते। अखिलेश यादव, आप भी 30 साल तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री नहीं बन सकते।

कैबिनेट बैठक : देश...

कि जरूरत के समय उसका इस्तेमाल किया जा सके। इससे सौर और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा का बेहतर उपयोग हो सकेगा।

उन्होंने आगे कहा- एनर्जी स्टोरेज से बिजली ट्रांसमिशन लाइनों की क्षमता का भी बेहतर इस्तेमाल होगा। उदाहरण के तौर पर, अगर किसी सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए 10 मेगावाट की ट्रांसमिशन क्षमता बनाई गई है, तो रात में सौर बिजली नहीं बनने के कारण उसका पूरा उपयोग नहीं हो पाता। लेकिन स्टोरेज की सुविधा होने पर दिन में जमा की गई बिजली बाद में उपयोग की जा सकती है।

वैष्णव ने कहा- कैबिनेट ने महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) की प्रोसेसिंग की योजना को मंजूरी दी है। इसका मकसद खदानों से निकाले गए या कच्चे खनिजों को इस तरह तैयार करना है कि उनका इस्तेमाल सीधे उत्पादन प्रक्रिया में किया जा सके।

उन्होंने बताया कि यह योजना पहचान किए गए सभी 24 महत्वपूर्ण खनिजों पर लागू होगी। इसमें खदानों से मिलने वाले खनिजों के साथ-साथ रीसाइक्लिंग से प्राप्त खनिज भी शामिल हैं।

कैबिनेट ने देश के डेटा कलेक्शन सिस्टम को आधुनिक बनाने के लिए 4,371 करोड़ रुपए की योजना को भी मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य सरकारी आंकड़े जुटाने और उनकी जांच करने की प्रक्रिया को बेहतर बनाना है। इस योजना के तहत सर्वेक्षण के तरीकों में सुधार किया जाएगा।

आंकड़े जुटाने में होने वाली गलतियों को कम किया जाएगा। यूनिवर्सिटीज में डेटा कलेक्शन से जुड़े कोर्स शुरू किए जाएंगे। डेटा को नियमित रूप से जुटाने और उनकी समय-समय पर समीक्षा करने पर जोर दिया जाएगा।

चुनाव आयुक्तों को ...

कोई अदालत मुख्य निर्वाचन आयुक्त या चुनाव आयुक्त के खिलाफ उनके आधिकारिक काम से जुड़े मामले में दीवानी या आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं कर सकती।

यदि ऐसी कार्यवाही पहले से चल रही है, तो अदालत उसे आगे भी जारी नहीं रख सकती।

यह सुरक्षा सिर्फ पद पर रहते हुए नहीं, बल्कि पद छोड़ने के बाद भी लागू रहती है। यह संरक्षण उन कामों पर लागू है जो अधिकारी ने चुनाव आयुक्त के पद पर रहते के दौरान किए हैं।

2023 के कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त को मिलने वाली कानूनी छूट को लेकर विपक्ष भी लगातार सवाल उठाता रहा है। राहुल समेत INDIA ब्लॉक के नेता मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर वोटर्स लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाते आए हैं। विपक्ष 2023 के तहत मिलने वाली छूट को रद्द करने और ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग लगातार कर रहा है।

सीईसी ज्ञानेश पर...

साजन के मुताबिक, इंजीनियरों ने करीब 17 करोड़ के बिल मंजूर कर दिए थे, लेकिन ज्ञानेश कुमार ने चेक रोक दिए। इससे मलेशियाई कंपनी PATI-BEL, उसके ठेकेदारों और कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी हुई।

कंपनी के प्रोजेक्ट इंजीनियर ली सी बीन ने उन्हें (साजन को) बताया था कि ज्ञानेश कुमार रिश्वत मांगे बिना भुगतान के चेक जारी नहीं कर रहे हैं।

साजन ने पैसे देकर मामला सुलझाने की बात कही, लेकिन कंपनी के अधिकारियों ने रिश्वत देने से मना कर दिया। ली सी बीन ने ठेकेदारों और कर्मचारियों का बकाया चुकाने के लिए बेंगलुरु में कंपनी के दूसरे प्रोजेक्ट से पैसे लिए थे।

भुगतान न मिलने और रिश्वत मांगने के कारण ली ने 2006 में आत्महत्या कर ली थी। ली ने सुसाइड नोट में ज्ञानेश कुमार का नाम लिखा था। ली के मलेशिया में रहने वाले परिवार ने भी कंपनी के कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी थी।

पहले हुई विजिलेंस जांच में उनसे और मामले की जानकारी रखने वाले दूसरे लोगों से पूछताछ नहीं की गई थी। वे ली के परिवार, कंपनी के पूर्व कर्मचारियों और अन्य गवाहों को जांच के लिए पेश कर सकते हैं।

शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस विभाग ने शुरुआती जांच के बाद केस दर्ज करने के लिए गृह विभाग से अनुमति मांगी थी। सूत्रों के मुताबिक, कानूनी राय लेने के बाद गृह मंत्री ने जांच के आदेश दिए हैं। विजिलेंस टीम पहले से ही KSTP प्रोजेक्ट से जुड़े आरोपों की जांच कर रही है। अब इस नई शिकायत की भी जांच की जाएगी।

ली की मौत के बाद 2006 में भी विजिलेंस जांच हुई थी। आरोप साबित नहीं होने पर जांच बंद कर दी गई थी। नई जांच में यह भी देखा जाएगा कि पिछली जांच में आरोपों से जुड़े जरूरी पहलुओं की जांच हुई थी या नहीं।

'पहले मुझसे करें...

राजभर ने दावा किया कि अखिलेश यादव मथुरा में भगवान कृष्ण के दर्शन करने से डरते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अखिलेश अयोध्या में चक्र और त्रिशूल लेकर घूमे, लेकिन रामलला के दर्शन नहीं किए।

होर्मुज से भारतीय...

रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने भारत को यह छूट इसलिए दी है, ताकि उसे भारत से दवाएं मिलती रहें। वहीं, चीन को छूट देने के पीछे ईरान की उम्मीद है कि मुश्किल वक्त में बीजिंग उसका राजनीतिक रूप से साथ देगा।

हालांकि, भारतीय और चीनी जहाजों को होर्मुज से गुजरने के लिए पैसे देने होंगे। वहीं, कतर के जहाज बिना कोई शुल्क दिए इस रास्ते से गुजर सकेंगे। इराक को किस वजह से छूट दी गई है, यह साफ नहीं किया गया है।

भारत अपनी जरूरत का 85% से ज्यादा कच्चा तेल दूसरे देशों से खरीदता है। इसमें से करीब 40% तेल होर्मुज स्ट्रेट से होकर आता है। सऊदी अरब, इराक, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) जैसे देशों से भारत आने वाले तेल के लिए यह अहम रास्ता है।

अगर भारत रोजाना 50 लाख बैरल कच्चा तेल विदेशों से मंगाता है, तो इसमें करीब 20 लाख बैरल तेल होर्मुज के रास्ते आता है। ऐसे में इस रास्ते पर पाबंदी लगने से भारत की तेल सप्लाई पर बड़ा असर पड़ सकता है।

होर्मुज सिर्फ कच्चे तेल के लिए ही जरूरी नहीं है। भारत खाड़ी देशों से बड़ी मात्रा में LNG यानी प्राकृतिक गैस और LPG यानी रसोई गैस भी मंगाता है। इनकी सप्लाई के लिए भी यह रास्ता अहम है। भारतीय जहाजों को छूट मिलने से तेल और गैस की सप्लाई में रुकावट का खतरा कम हो सकता है।

जापान और हाइलो ओपन जीतकर बनाई जगह, टूर्नामेंट 9 से 13 दिसंबर तक

सिंधु 2021 के बाद बैडमिंटन वर्ल्ड टूर फाइनल्स खेलेंगी

मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने BWF वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालिफाई कर लिया है।

यह टूर्नामेंट 9 से 13 दिसंबर तक चीन के होंगझोउ में खेला जाएगा। सिंधु 2021 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में खेलेंगी। वे 2021 में इसकी उपविजेता रही थीं।

2022 में भी सिंधु ने क्वालिफाई किया था, लेकिन बाएं टखने में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण

नाम वापस लेना पड़ा। इसके बाद वे 2023 से 2025 तक इस टूर्नामेंट में नहीं खेलीं।

हाइलो ओपन का खिताब जीतने के बाद सिंधु ने कहा था, इस जीत से मुझे काफी बढ़ावा और बहुत सारा आत्मविश्वास मिला है। होंगझोउ में होने वाले वर्ल्ड टूर फाइनल्स की कुल इनामी राशि 35 लाख डॉलर (करीब 29 करोड़ रुपए) है। 8 खिलाड़ियों को 4-4 के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। राउंड रॉबिन मुकाबलों के बाद हर ग्रुप की टॉप-2 खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। सिंधु अब 8 साल बाद दूसरी बार यह खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगी।

> विमेंस सिंगल्स में 8 खिलाड़ियों को जगह मिलती है। इनमें से सिंधु समेत 5 खिलाड़ी क्वालिफाई कर चुकी हैं। साउथ कोरिया की एन से-युंग, जापान की अकाने यामागुची और चीन की वांग झी यी और चेन यू फेई ने भी जगह पक्की कर ली है। बाकी 3 स्थानों के लिए 6 खिलाड़ियों के बीच मुकाबला है।

हाइलो ओपन में एक भी गेम नहीं गंवाया

सिंधु ने हाइलो ओपन में लगातार 5 मैच जीते और पूरे टूर्नामेंट में एक भी गेम नहीं गंवाया। दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधु ने सेमीफाइनल में भारत की अनमोल खरब को 21-13, 21-16 से हराया था। इसके बाद फाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त क्यार्सफेल्ड को सीधे गेम में मात दी।

इस सुपर 500 टूर्नामेंट का खिताब जीतने पर सिंधु को 9,200 रैंकिंग पॉइंट मिले। जापान ओपन और हाइलो ओपन के खिताब के साथ फ्रेंच ओपन के फाइनल तक पहुंचने से उनकी क्वालिफिकेशन मजबूत हुई।

इस सीजन 2 खिताब और एक फाइनल के दम पर बनाई जगह

सिंधु ने 2026 में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने जुलाई में जापान ओपन का खिताब जीता। 19 जुलाई को खेले गए फाइनल में सिंधु ने जापान की अकाने यामागुची को 21-17, 21-17 से हराया। इसके बाद अक्टूबर में वे फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचीं। हालांकि, खिताबी मुकाबले में उन्हें एन से-युंग के खिलाफ 21-16, 11-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु ने इसके एक हफ्ते बाद जर्मनी में हाइलो ओपन का खिताब जीतकर वापसी की। उन्होंने फाइनल में डेनमार्क की लाइन हजमार्क क्यार्सफेल्ड को 39 मिनट में 21-12, 21-14 से हराया।

वर्ल्ड रैंकिंग में छठे और टूर रेस में पांचवें नंबर पर

ताजा BWF वर्ल्ड रैंकिंग में सिंधु 74,421 पॉइंट के साथ छठे स्थान पर हैं। दिसंबर 2022 के बाद यह उनकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए अलग रेस रैंकिंग होती है। इसमें सिंधु 81,060 पॉइंट के साथ पांचवें स्थान पर हैं। नियमित वर्ल्ड रैंकिंग में पिछले 52 हफ्तों का प्रदर्शन गिना जाता है, जबकि वर्ल्ड टूर रेस में मौजूदा सीजन के सर्वश्रेष्ठ 14 टूर्नामेंट के पॉइंट शामिल होते हैं। एक देश से अधिकतम 2 खिलाड़ी क्वालिफाई कर सकते हैं।

लिविंगस्टोन को ट्रेड करना चाहती है सीएसके

एसआरएच ने अब तक फैसला नहीं लिया

नई दिल्ली, एजेंसी

चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियम लिविंगस्टोन को ट्रेड करने की कोशिश में है। सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) ने अभी इस प्रस्ताव पर फैसला नहीं लिया है। इस ट्रेड में एक से ज्यादा फ्रेंचाइजी और खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं।

लिविंगस्टोन को सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले ऑक्शन में 13 करोड़ रुपए में खरीदा था। इससे पहले वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) का हिस्सा थे। RCB ने उन्हें मेगा ऑक्शन 2025 में 8.75 करोड़ रुपए में खरीदा था।

लिविंगस्टोन ने पिछले IPL सीजन में हैदराबाद के लिए 2 मैच खेले और सिर्फ 15 रन बना सके।

CSK की ओर से खलील अहमद को ट्रेड का हिस्सा बनाने की चर्चा भी हुई है। हालांकि, इस जानकारी

की पूरी पुष्टि नहीं है। इसकी एक वजह यह भी है कि हैदराबाद ने हाल ही में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टी नटराजन को अपने साथ जोड़ा है।

लिविंगस्टोन के अलावा CSK का एक अन्य खिलाड़ी भी इस बातचीत का हिस्सा है। ट्रेड में एक से ज्यादा खिलाड़ी और फ्रेंचाइजी शामिल हैं।

IPL में रिटेंशन की आखिरी तारीख 17 नवंबर है। ऐसे में फ्रेंचाइजी को जल्द ही अपने खिलाड़ियों को लेकर फैसला करना होगा। लिविंगस्टोन के ट्रेड पर भी इस तारीख से पहले स्थिति साफ हो सकती है।

ढाका पहुंचे भारतीय फुटबॉलर्स को होटल में नहीं मिले कमरे

3 घंटे तक भटकते रहे एसएएफएफ चैंपियनशिप से पहले इंतजामों पर सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

साउथ एशिया फुटबॉल फेडरेशन (SAFF) चैंपियनशिप में भारतीय फुटबॉल टीम को ढाका के होटल में कमरे नहीं मिले। मंगलवार को टीम को गुलशन एवेन्यू स्थित एक निजी होटल में ठहरना था, लेकिन वहां पहुंचने पर पता चला कि उनके लिए कमरे बुक या अलॉट नहीं किए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय दल दोपहर करीब 2:15 बजे ढाका पहुंचा था। शाम 5 बजे तक खिलाड़ियों को कमरे नहीं मिल सके थे। रिपोर्ट के मुताबिक खिलाड़ियों के लिए दूसरे होटल में व्यवस्था की गई है।

भारत इस टूर्नामेंट का मौजूदा चैंपियन है। टीम ने 2023 में बेंगलुरु में हुए फाइनल में कुवैत को पेनल्टी शूटआउट में हराकर खिताब

जीता था। भारत अब तक 9 बार यह टूर्नामेंट जीत चुका है।

SAFF दक्षिण एशिया के देशों का फुटबॉल संगठन है। इसकी चैंपियनशिप में क्षेत्र की राष्ट्रीय टीमें हिस्सा लेती हैं। 2026 का यह 15वां संस्करण है, जो 5 से 17 नवंबर तक ढाका में खेला जाएगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने इस टूर्नामेंट के लिए 28 खिलाड़ियों की टीम घोषित की है। हालांकि, भारत ने अपनी मुख्य सीनियर टीम नहीं भेजी है। टीम की कमान अंडर-23 के मुख्य कोच नौशाद मूसा को दी गई है। बिबियानो फर्नांडिस सहायक कोच होंगे। इसकी एक बड़ी वजह भारतीय सीनियर टीम का न्यूजीलैंड दौरा है। भारत को 12 और 15 नवंबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ दो इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच खेलने हैं। ये मुकाबले ऑकलैंड और क्राइस्टचर्च में होंगे। दूसरी परेशानी घरेलू क्लबों से खिलाड़ियों को रिलीज कराने की भी थी। भारत का पहला SAFF मैच FIFA इंटरनेशनल मैच विंडो शुरू होने से पहले है।

यानसन को पीछे छोड़ा, श्रेयस अय्यर 2 स्थान ऊपर चढ़े, पाकिस्तान के शाहीन-रऊफ को भी फायदा

ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क टेस्ट के नंबर-1 गेंदबाज बने

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ICC की ताजा टेस्ट रैंकिंग में दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने साउथ अफ्रीका के मार्को यानसन को पीछे छोड़ा। केपटाउन टेस्ट में 9 विकेट लेने से पहले स्टार्क दूसरे नंबर पर थे।

व्हाइट-बॉल क्रिकेट की रैंकिंग में भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों को फायदा हुआ है। भारत के श्रेयस अय्यर टी-20 इंटरनेशनल बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 7वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी और हारिस रऊफ ने भी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार किया है। साउथ अफ्रीका के ऑफ

> यानसन टेस्ट ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में टॉप पर बने हुए हैं। उन्होंने तीसरे टेस्ट में अर्धशतक लगाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की। साउथ अफ्रीका के वियान मुल्डर इस कैटेगरी में तीसरे और हार्मर पांचवें नंबर पर पहुंच गए हैं।

स्पिनर साइमन हार्मर ने टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में 9 स्थान की छलांग लगाई है। वे 7वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ केपटाउन टेस्ट की दूसरी पारी में 6 विकेट लिए थे। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

ऑस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन और एलेक्स कैरी भी टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में ऊपर चढ़े हैं। दोनों संयुक्त रूप से 19वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

वेस्टइंडीज के जस्टिन ग्रीव्स को 12

भारतीय टी-20 कप्तान श्रेयस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवे टी-20 में 23 गेंद पर 50 रन बनाए थे।

स्टार्क ने दूसरी बार हासिल किया नंबर-1 का स्थान

स्टार्क ने पहली बार अगस्त में टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल किया था। तब उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़ा था। हालांकि, इसके बाद साउथ अफ्रीका के मार्को यान्सन ने उनकी जगह ले ली थी। यान्सन ने गकेबरहा टेस्ट में 6 विकेट लेकर पहला स्थान हासिल किया था। हालांकि केपटाउन में उनका प्रदर्शन खास नहीं रहा। उन्होंने सिर्फ 3 विकेट लिए। इसके बाद स्टार्क फिर से शीर्ष पर पहुंच गए।

स्थान का फायदा हुआ है। वे संयुक्त रूप से 38वें नंबर पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज की 8 विकेट से जीत में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी।

मनोरंजन

पैपराजी के नाम पुकारने पर दिखाया थम्ब्स अप, कार्यक्रम में रवीना-शिल्पा भी नजर आईं

रमेश तौरानी की दिवाली पार्टी में पहुंचे सलमान

मुंबई, एजेंसी

फिल्म प्रोड्यूसर रमेश तौरानी ने मंगवार को मुंबई में दिवाली पार्टी होस्ट की। इस पार्टी में सलमान खान, बॉबी देओल, रवीना टंडन, शिल्पा शेट्टी, आयुष्मान खुराना और भूमि पेडनेकर समेत कई सेलिब्रिटीज शामिल हुए। पार्टी में सलमान खान के पहुंचते ही पैपराजी ने उन्हें पोज देने के लिए कहा और उनका नाम लेकर आवाज लगाने लगे। इस दौरान पैपराजी लगातार 'हैप्पी दिवाली' और 'लव यू भाईजान' कहते सुनाई दिए। इस पर सलमान ने अपने खास अंदाज में प्रतिक्रिया दी।

सलमान पार्टी में नए फिट और शार्प लुक में नजर आए। उन्होंने ब्लैक शर्ट और जींस पहनी थी। संगीत के क्षेत्र में सफलता मिलने के बाद रमेश तौरानी ने फिल्म निर्माण में कदम रखा। उन्होंने 'सोल्जर', 'द लीजेंड ऑफ भगत सिंह', 'राज', 'इश्क विश्क', 'अजब प्रेम की गजब कहानी' और 'रेस' जैसी कई चर्चित फिल्मों का निर्माण किया। उनकी फिल्म 'इश्क विश्क' से शाहिद कपूर को बतौर लीड एक्टर बॉलीवुड में लॉन्च किया गया था।

> फिल्म प्रोड्यूसर रमेश तौरानी हर साल दिवाली पार्टी का आयोजन करते हैं। रमेश अपने भाई कुमार एस. तौरानी के साथ मिलकर टिप्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड चलाते हैं। दोनों भाइयों ने साल 1975 में टिप्स की शुरुआत म्यूजिक कंपनी के रूप में की थी। 80 और 90 के दशक में टिप्स बॉलीवुड की बड़ी म्यूजिक कंपनियों में शामिल हो गई।

पति को सपोर्ट करने पहुंचीं आलिया, रवि दुबे ने सनी देओल के पैर छुए

रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायण' की स्पेशल स्क्रीनिंग

नई दिल्ली। रणबीर कपूर और यश स्टारर फिल्म 'रामायण' का मुंबई में स्पेशल स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। थिएटर्स में फिल्म की रिलीज से पहले आयोजित इस इवेंट में बॉलीवुड के कई सेलेब्स शामिल हुए। स्क्रीनिंग के दौरान एक खास पल भी देखने को मिला। रवि दुबे ने सनी देओल के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। इस खास स्क्रीनिंग में रणबीर कपूर, उनकी पत्नी और अभिनेत्री आलिया भट्ट, सनी देओल, जैकी भगनानी, रकुल प्रीत सिंह, विवेक ओबेरॉय, रवि दुबे, सरगुन मेहता, काजल अग्रवाल, लारा दत्ता ग्रैस, आशीष चंचलानी के साथ-साथ फिल्म के निर्देशक नीतेश तिवारी और निर्माता नमित मल्होत्रा शामिल हुए।

इस फिल्म में भारतीय सिनेमा के कई बड़े चेहरे एक साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म में साई पल्लवी माता सीता और साउथ स्टार यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इनके

अलावा सनी देओल, अरुण गोविल, लारा दत्ता, इंदिरा कृष्णन, रवि दुबे, शीबा चड्ढा, कुणाल कपूर, काजल अग्रवाल, रकुल प्रीत सिंह, अजिंक्य देव, चेतन हंसराज, फैजल मलिक, विवेक ओबेरॉय और आदिनाथ कोठारे जैसे कई कलाकार अहम किरदारों में दिखेंगे। यह फिल्म का यानी 5 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

ऑडियो मैसेज भेजकर मांगे गए करोड़ों रुपए, पुलिस कर रही जांच

आयुष्मान खुराना को लॉरेंस गैंग के नाम पर धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना को धमकी भरा ऑडियो मैसेज मिला है। मुंबई पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, मैसेज भेजने वाले शख्स ने खुद को लॉरेंस गैंग का सदस्य बताया है। उसने एक्टर से करोड़ों रुपए की मांग की है।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि, अब तक इस मामले में FIR दर्ज नहीं की गई है।

पुलिस को मिले ऑडियो क्लिप की आवाज का मिलान एक ऐसे आरोपी की आवाज से किया जा रहा है, जिसका नाम पहले से पुलिस रिकॉर्ड में मौजूद है। बताया जा रहा है कि इस आरोपी का संबंध मैसेज भेजने वाले शख्स की बताई गई पहचान से हो सकता है।

> न्यूज एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक, तुषार कपूर ने इसकी जानकारी मुंबई पुलिस को दी थी। इसके बाद जांच एंटी-एक्सटॉर्शन सेल और क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई।
>
> क्राइम ब्रांच की टेक्निकल टीम ने धमकी भरे कॉल की ऑडियो रिकॉर्डिंग की जांच की। इसके बाद आवाज का मिलान हैरी बॉक्सर के आधिकारिक ऑडियो सैंपल से किया गया।
>
> पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, दोनों आवाजें आपस में मेल नहीं खातीं। इससे पुलिस को शक है कि यह फर्जी कॉल था। किसी ने गैंग का नाम लेकर डर पैदा करने की कोशिश की।

बता दें कि आयुष्मान खुराना हाल ही में सारा अली खान के साथ फिल्म 'उड़ता तीर' में नजर आए थे। इस स्पाई-कॉमेडी फिल्म में उन्होंने बिलाल नाम के पाकिस्तानी एजेंट का किरदार निभाया है।

गौरतलब है कि हाल ही में एक्टर तुषार कपूर को भी इसी तरह का धमकी भरा ऑडियो मैसेज मिला था। मैसेज भेजने वाले ने खुद को हैरी बॉक्सर बताया था। फोन करने वाले ने 5 करोड़ रुपए मांगे थे। फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई फायरिंग की घटना के पीछे भी हैरी बॉक्सर और लॉरेंस गैंग का हाथ बताया गया था। इसकी जिम्मेदारी उन्होंने एक वॉइस नोट के जरिए ली थी।

हैरी बॉक्सर पर रणवीर को धमकी देने का आरोप

गौरतलब है कि लॉरेंस गैंग के गुर्गे हैरी बॉक्सर पर बॉलीवुड और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कई लोगों को धमकी देने के आरोप हैं। इनमें सबसे प्रमुख नाम एक्टर रणवीर सिंह का है। रिपोर्ट के मुताबिक, हैरी ने रणवीर के मैनेजर को वॉइस नोट भेजकर 10 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। रकम नहीं देने पर रणवीर और उनके स्टाफ को जान से मारने की धमकी दी गई थी।

बेबी डॉल सिंगर कनिका कपूर की दूसरी शादी टूटी

2022 में हुई थी शादी, 2012 में पहला तलाक हुआ था

नई दिल्ली। बेबी डॉल जैसे कई फेमस गाने गाने वाली सिंगर कनिका कपूर ने पति गौतम हाथीरमानी से अलग होने का ऐलान किया है। दोनों की शादी चार साल पहले हुई थी। कनिका ने मंगलवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर आधिकारिक बयान जारी किया। उन्होंने लोगों से इस समय उनकी प्राइवेसी का सम्मान करने की अपील की।

सिंगर ने लिखा, "प्रिय दोस्तों और परिवार, काफी सोच-विचार करने के बाद मैंने और मेरे पति ने अलग-अलग रहने का फैसला किया है। हमने साथ में जो समय बिताया, उसके लिए मैं आभारी हूं। मैं उनके आने वाले जीवन के लिए शुभकामनाएं देती हूं।

उन्होंने आगे लिखा, "मैं आप सभी से अनुरोध करती हूं कि इस मुश्किल समय में हमारी निजी जिंदगी का सम्मान करें और हमें समझने की कोशिश करें।"

कनिका ने रिश्ते में किसी तीसरे व्यक्ति के शामिल होने की अफवाहों को खारिज किया। कनिका कपूर ने 'मुंबई मिरर' के साथ बातचीत में कहा, मेरी जिंदगी में कोई दूसरा व्यक्ति नहीं है और जहां तक मुझे पता है, गौतम की जिंदगी में भी कोई और नहीं है। यह मेरा दूसरी बार तलाक है। इसलिए इस बार भी मुझे दुख और निराशा हो रही है।

यह कहना गलत है कि मैं लागोस (नाइजीरिया का शहर) में नहीं रहना चाहती थी। शादी टूटने पर सबसे पहले महिला को दोष देना आम बात है, जो गलत है। शादी में क्या हुआ, यह सिर्फ पति-पत्नी ही जानते हैं।

मैं फिलहाल मुंबई में हूं और तीन प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हूं। मेरे तीन बच्चे हैं, जिनकी देखभाल भी मुझे करनी है। मैं चाहती हूं कि आगे गौतम के साथ मेरे रिश्ते अच्छे बने रहें। मैं झगड़ा करने वाली इंसान नहीं हूं। मुझे उम्मीद है कि वह भी ऐसा ही चाहेंगे।

अमेरिका में 3 बच्चे पैदा करने का चलन बढ़ा

बढ़ोत्तरी

ज्यादा बच्चे अमीरों के लिए रुतबे की निशानी, परवरिश पर करोड़ों खर्च कर रहे

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिका के अमीर परिवारों में ज्यादा बच्चे पैदा करने का चलन बढ़ गया है। इनके लिए यह रुतबे की निशानी है।

एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के सबसे अमीर 1% परिवारों में से करीब आधे परिवारों के 3 या उससे ज्यादा बच्चे हैं। वहीं, कम कमाई समूह में तीन बच्चे वाले परिवार करीब 40 से 43% हैं। अमेरिका में एक परिवार एक बच्चे की परवरिश पर 18 साल तक करोड़ों रुपए खर्च करता है। मिडिल क्लास फैमिली के लिए इतनी रकम चुका पाना महंगाई के इस दौर में लगभग नामुमकिन है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के सबसे अमीर परिवारों में ज्यादा बच्चे का चलन 1990 के दशक से चला आ रहा है। लेकिन कम

कमाई वाले परिवारों में यह चलन घट रहा है। यानी बच्चों को पालने का खर्च बढ़ने के बावजूद अमीर परिवार पहले की तरह बड़े परिवार रख रहे हैं।

अर्थशास्त्री माइक कॉन्जल का कहना है कि अमीर परिवारों के लिए तीसरा बच्चा स्टेटस सिंबल यानी रुतबे की निशानी बन गया है। उनके मुताबिक, महंगाई और बच्चों की परवरिश का बढ़ता खर्च आम परिवारों को कम बच्चे पैदा करने के लिए मजबूर कर रहा है, लेकिन इसका असर सबसे अमीर 1% परिवारों पर उतना नहीं पड़ता।

मिडिल क्लास परिवारों को अपनी कमाई में घर का किराया, बिल, बचत और बच्चों की जरूरतों के बीच तालमेल बैठाना पड़ता है। तीसरा बच्चा होने पर इन खर्चों का बोझ और बढ़ जाता है।

बच्चों पर हर साल 15 लाख रुपए खर्च करने पड़ते हैं

अमेरिकी कंपनी लेंडिंगट्री की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में एक बच्चे को जन्म से 18 साल की उम्र तक पालने में औसतन 3 करोड़ खर्च होते हैं। इस हिसाब से हर साल करीब 15 लाख रुपए खर्च करने पड़ते हैं।

इसमें बच्चे के खाने, घर, आने-जाने, स्वास्थ्य बीमा और देखभाल जैसे खर्च शामिल हैं। हालांकि, यह औसत अनुमान है। हर परिवार का खर्च उसकी कमाई, रहने की जगह और बच्चों की जरूरतों के हिसाब से अलग हो सकता है।

> रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे के जन्म के बाद शुरुआती सालों में खर्च और भी ज्यादा होता है। पहले पांच साल में बच्चे को पालने पर हर साल औसतन करीब 26 लाख रुपए खर्च होते हैं। इसकी बड़ी वजह बच्चे की देखभाल के लिए डे-केयर या दूसरी सेवाओं पर होने वाला खर्च है।
>
> इसके बाद 6 से 18 साल की उम्र के दौरान औसत सालाना खर्च घटकर करीब 10.7 लाख रुपए रह जाता है। इस दौरान भी खाने, घर, आने-जाने और स्वास्थ्य से जुड़े खर्च बने रहते हैं।

अमेरिका के टेक्सस में 1988 के बाद पहली बार टूटा रिपब्लिकन का गढ़

वाशिंगटन। अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ी सफलता मिली है। इसी कड़ी में डेमोक्रेट ने टेक्सस में चार दशक से चले आ रहे रिपब्लिकन पार्टी के दबदबे को खत्म कर दिया है। डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जेम्स टालारिको को टेक्सास में मिली जीत पार्टी के लिए ऐतिहासिक जीत मानी जा रही है। जेम्स ने रिपब्लिकन केन पैक्सटन को हराकर राज्य के अमेरिकी सीनेट चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी के लगभग चार दशकों के दबदबे को खत्म कर दिया है। यहां पर मिली जेम्स की जीत से राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को बड़ा झटका लगा है। 37 वर्षीय जेम्स की यह जीत इसलिए भी मायने रखती है क्योंकि 1988 के बाद टेक्सास सीनेट चुनाव जीतने वाले वे पहले डेमोक्रेट हैं। 1988 में लॉयड बेंटसेन ने आखिरी बार इस पद के लिए फिर से जीत हासिल की थी। डेमोक्रेट्स के लिए यह एक शानदार कामयाबी है, खासकर ऐसे राज्य में जहां दो साल पहले ही ट्रंप ने दोहरे अंकों के अंतर से जीत दर्ज की थी।

फास्ट न्यूज

एथनॉल प्रोडक्शन पर सरकार की नई पाबंदी!

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की ओर से पेट्रोल में एथनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम को लगातार प्रमोट किया जा रहा है। इसी के साथ एथनॉल प्रोडक्शन को लेकर भी लगातार कई निर्देश दिए गए हैं। भारतीय खाद्य निगम (FCI) के अतिरिक्त चावल और अनाज के इस्तेमाल की सीमा तय करने के कारण साल 2026-27 में मक्का की मांग बढ़ने की संभावना है।

अमेरिका के वर्जीनिया में भारतीय मूल के सुहास सुब्रमण्यम का जलवा

वाशिंगटन। भारतीय मूल के सुहास सुब्रमण्यम ने अमेरिका में फिर से अपना जलवा दिखा दिया है। डेमोक्रेट सुहास सुब्रमण्यम ने 2026 के मध्यावधि चुनावों में जीत हासिल की है।

सुहास ने वर्जीनिया के 10वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा (US House of Representatives) के लिए फिर से जीत हासिल की है। उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार डेव टी. बेकविथ को हराया है। सुहास सुब्रमण्यम को चुनाव में मिले वोट का अंतर उनके विपक्षी पार्टी के उम्मीदवार से काफी ज्यादा रहा।

ओहायो में बड़ा उलटफेर

वाशिंगटन। डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार डॉ. एमी एक्टन ने ओहायो के गवर्नर पद की दौड़ जीत ली है। उन्होंने ट्रंप समर्थित भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन उम्मीदवार विवेक रामास्वामी को हराया है। एमी एक्टन ओहायो के गवर्नर पद का चुनाव जीतकर राज्य के इस सर्वोच्च पद पर चुनी जाने वाली पहली महिला बनी हैं। उनकी यह जीत 20 वर्षों में पहली बार है जब किसी डेमोक्रेट ने गवर्नर का चुनाव जीता है।

सोना 3,486 बढ़कर 1.41 लाख पहुंचा

एक किलो चांदी 7,775 महंगी हुई

नई दिल्ली, एजेंसी

धनतेरस से पहले आज यानी 4 नवंबर को सोने-चांदी के दाम में बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3,486 रुपए बढ़कर 1.41 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

एक किलो चांदी 7,775 रुपए महंगी होकर 1.84 लाख रुपए पर पहुंच गई है। धनतेरस 6 नवंबर को मनाई जाएगी।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक करीब 8 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10g सोना 1.33 लाख रुपए था, जो अब 1.41 लाख रुपए पहुंच गया है।

चांदी इस साल करीब 46 हजार रुपए सस्ती हुई है। 31 दिसंबर 2025 को चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 1.84 लाख रुपए पर है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

मोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया मानते हैं कि सोने-चांदी की खरीदारी किश्तों में करें। कुछ अभी खरीद लें और कुछ-कुछ 15-20 दिन के अंतराल पर। निवेश के लिए एक-दो महीने के बजाय 6 महीने से लेकर एक साल तक का सोच कर खरीदारी करें।

अब्दुल अल-सैयद ने रचा इतिहास

वाशिंगटन। डेमोक्रेट्स के उम्मीदवार अब्दुल अल-सैयद ने मिशिगन में अमेरिकी सीनेट सीट की दौड़ में रिपब्लिकन नेता माइक रोजर्स को हरा दिया है।

अब्दुल अल-सैयद के लिए यह बहुत बड़ी जीत है, क्योंकि ये चुनाव जीतकर वे अमेरिकी सीनेट के लिए चुने जाने वाले पहले मुस्लिम सीनेटर बन गए हैं।

अब्दुल अल-सैयद का भारत से भी गहरा नाता है। एक इंटरव्यू में अल-सैयद ने कहा था, 'देखिए, मेरी शादी एक दक्षिण भारतीय परिवार में हुई है और मुझे 20 साल हो चुके हैं। अब मैं पूरी तरह से इसमें घुल-मिल गया हूं।' अल-सैयद ने आगे कहा, 'सच कहूं तो, शायद मैं अरब होने से ज्यादा भारतीय हूं। हालांकि परिवार की जड़ें भटकल में हैं, लेकिन इसके ज्यादातर सदस्य अब बेंगलुरु में बस गए हैं। वहीं, सारा का नजदीकी परिवार मुख्य रूप से अमेरिका में ही रह रहा है।'

मध्यावधि चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की जीत पर मस्क का तंज

'इस बार स्पेस लेजर काम नहीं आए'

वाशिंगटन, एजेंसी

अपने मजाकिया अंदाज के लिए जाने जाने वाले दुनिया के सबसे रईस इंसान एलन मस्क ने अमेरिका के चुनावी नतीजों पर भी प्रतिक्रिया दी है।

अमेरिका के मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेट्स की बड़ी जीत पर एलन मस्क ने मजाक करते हुए पोस्ट किया है।

उन्होंने सोशल मीडिया एक्स (ट्विटर) पर कहा कि उनके तथाकथित स्पेस लेजर्स मनचाहा नतीजा देने में नाकाम रहे। इसके साथ ही उन्होंने एक और पोस्ट में लिखा कि इस समय अंतरिक्ष में डेटा सेंटर काफी आकर्षक लग रहे हैं। ये टिप्पणियां तब आईं, जब टेक्सस से नवनिर्वाचित सीनेटर जेम्स टालारिको ने मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों पर निशाना साधा। बता दें कि जेम्स टालरिको की जीत इसलिए भी अहम है क्योंकि टेक्सस पारंपरिक रूप से रिपब्लिकन पार्टी का गढ़ रहा है। इस बार करीब चार दशक के बाद यहां पर पहले के अनुरूप नतीजे नहीं आए हैं। अमेरिकी नेटवर्क के अनुमानों के अनुसार, डेमोक्रेट्स 'हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स' और 'सीनेट' दोनों पर फिर से नियंत्रण हासिल कर लेंगे, जो वाशिंगटन में सत्ता के संतुलन में एक बड़ा बदलाव होगा।

एनबीसी न्यूज़ के अनुसार, दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क चुनाव के दौरान रिपब्लिकन उम्मीदवारों के सबसे बड़े आर्थिक

जेम्स ने मस्क पर कसा तंज

ऑस्टिन में अपनी जीत का जश्न मनाते हुए डेमोक्रेट नेता ने कहा कि इस दौड़ में हम कमजोर माने जा रहे थे। हमारा मुकाबला 300 मिलियन डॉलर से भी ज्यादा की रकम से था, जो अमेरिकी इतिहास के किसी भी सीनेट अभियान में खर्च की गई राशि से कहीं ज्यादा है। हमने उन सभी नकारात्मक विज्ञापनों, बदनाम करने वाले अभियानों, विदेशी बॉट्स और एआई डीपफेक का सामना किया, जिन्हें पैसों के दम पर खरीदा जा सकता है।

> डेमोक्रेट्स की जीत के बाद, तकनीक और एआई के भविष्य को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच अरबपति की इन टिप्पणियों को देखा जा रहा है।

समर्थकों में से एक बनकर उभरे थे। उन्होंने पार्टी के कांग्रेसनल अभियानों की मदद के लिए लगभग 250 मिलियन डॉलर खर्च किए।

बोले- याद करके डर लगता है, दुख होता है, कैरिबियाई देश माफी-मुआवजा मांग रहे

किंग चार्ल्स ने गुलामी के इतिहास को बताया शर्मनाक

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय ने अपने देश के गुलामी के इतिहास पर दुख जताया है।

उन्होंने कहा कि गुलामों के व्यापार में ब्रिटेन की रोल इतिहास का शर्मनाक हिस्सा है। इसे याद कर उनका दिल दहलता है और उन्हें गहरा दुख होता है।

चार्ल्स ने मंगलवार को एंटीगुआ और बारबुडा में कॉमनवेल्थ देशों के नेताओं की बैठक की शुरुआत करते हुए यह बात कही।

उनका बयान ऐसे समय आया है, जब कैरिबियाई देश ब्रिटेन से गुलामी के लिए माफी और मुआवजा मांग रहे हैं। कैरिबियाई देशों का कहना है कि गुलामी के दौरान उनके लोगों और अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हुआ था। इसलिए ब्रिटेन को अपनी भूमिका के लिए माफी मांगनी चाहिए और मुआवजा देना चाहिए। 1500 से 1800 के बीच ब्रिटेन ने अफ्रीका से लोगों को गुलाम बनाकर अपने उपनिवेशों में भेजा। ब्रिटिश संसद ने भी इस कारोबार को बढ़ावा देने के लिए कई कानून बनाए। ट्रांसअटलांटिक स्लेव ट्रेड डेटाबेस के मुताबिक, ब्रिटेन ने करीब 32 लाख अफ्रीकी लोगों को अटलांटिक महासागर पार ले जाकर गुलाम बनाया था।



ब्रिटेन के किंग चार्ल्स एंटीगुआ और बारबुडा में ग्रीन पायनियर के पास। तस्वीर 2 नवंबर 2026 की है।

> ब्रिटिश प्रधानमंत्री एंडी बर्नहैम ने भी कहा है कि सरकार कॉमनवेल्थ देशों से औपचारिक माफी मांगने के प्रस्ताव पर विचार कर सकती है। हालांकि, बकिंघम पैलेस ने साफ किया है कि मुआवजा देने का फैसला राजा नहीं कर सकते। यह ब्रिटिश सरकार का मामला है।

गुयाना में किंग चार्ल्स की यात्रा के दौरान मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करते गुयाना रिपेरेशंस कमेटी के सदस्य।

चार्ल्स बोले- इतिहास को बदल नहीं सकते, उससे सीख सकते हैं

किंग चार्ल्स ने कहा कि गुलामी का इतिहास आज भी कैरिबियाई देशों और कॉमनवेल्थ के दूसरे सदस्यों को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इतिहास में हमारे पूर्वजों के अच्छे काम भी हैं और गलतियां भी। हम उनके किए कामों को बदल नहीं सकते, लेकिन उनसे सीख जरूर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ हिम्मत और मजबूत इरादों से लड़ाई लड़ी जा सकती है। चार्ल्स ने गुलामों के व्यापार को खत्म करने में ब्रिटिश रॉयल नेवी की भूमिका का भी जिक्र किया।

कैनवा 1271 कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी

सीईओ बोलीं- 13 साल में सबसे कठिन समय

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑनलाइन डिजाइन और पब्लिशिंग प्लेटफॉर्म कैनवा ने अपने वर्कफोर्स में 22% से ज्यादा की कटौती का ऐलान किया है। कंपनी के इस फैसले से कम से कम 1,271 कर्मचारियों की नौकरी जाएगी, उनका रोल बदलेगा या फिर उन्हें सेंट्रल हब्स में रिलोकेट किया जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की वजह से ऑस्ट्रेलिया की इस जानी-मानी टेक कंपनी में यह बड़ा बदलाव हो रहा है। कैनवा की चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (CEO) मेलानी पर्किन्स ने कर्मचारियों को भेजे एक नोट में बताया कि सिडनी स्थित इस कंपनी की ग्रोथ एक दशक में पहली बार सुस्त हुई है। उन्होंने इस रीऑर्गनाइजेशन को कंपनी के 13 साल के इतिहास का सबसे कठिन समय बताया है। पर्किन्स ने लिखा कि नई टेक्नोलॉजी लोगों के क्रिएट करने के

तरीके और उनकी उम्मीदों को बदल रही है। मैं इस कठिन फैसलों पर पहुंची हूं कि छोटे बदलाव काफी नहीं होंगे। एंथ्रोपिक के 'क्लॉड' जैसे नए AI टूल्स के आने से लोग बिना किसी स्पेशल प्रोग्राम के खुद काम कर पा रहे हैं। कम कर्मचारियों की जरूरतः कंपनियां अब कम कर्मचारियों के साथ काम चलाने के लिए AI का सहारा ले रही हैं। वैल्यूएशन में गिरावट की चिंताः निवेशकों को डर है कि नई टेक्नोलॉजी इन कंपनियों के बिजनेस को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री की वैल्यू में अरबों डॉलर घटे हैं।

जांच : इटली ने फाइटर जेट भेजे, पोलैंड ने एयरपोर्ट बंद किया सारी धमकियां झूठी निकलीं

यूरोप में कई विमानों को बम से उड़ाने की धमकी

रोम, एजेंसी

यूरोप में मंगलवार को अलग-अलग देशों में कई विमानों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। इन धमकियों के बाद इटली ने दो विमानों को सुरक्षित एयरपोर्ट तक पहुंचाने के लिए अपनी एयरफोर्स के विमान भेजे, जबकि पोलैंड में एक एयरपोर्ट को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा।

स्पेन में भी एक विमान की तलाशी ली गई। हालांकि, जांच के बाद सभी धमकियां झूठी निकलीं। किसी भी विमान में विस्फोटक नहीं मिला और न ही किसी की जान गई।

इन धमकियों से इटली, पोलैंड और स्पेन के एयरपोर्ट पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा।

पोलैंड में लंदन से वारसॉ जा रही LOT एयरलाइन की फ्लाइट को बम की धमकी मिली। इसके बाद विमान को वारसॉ के मुख्य एयरपोर्ट के बजाय मॉडलिन एयरपोर्ट पर उतारा गया।

जांच के लिए इस एयरपोर्ट को कुछ देर बंद रखना पड़ा। जांच में विमान के अंदर कुछ नहीं मिला। यात्रियों को जांच के बाद बस से वारसॉ के एयरपोर्ट पहुंचाया गया। इसी दौरान कोपेनहेगन से वारसॉ आ रही SAS एयरलाइन की फ्लाइट में भी संदिग्ध सामान होने की खबर मिली। विमान उतरने के बाद यात्रियों की जांच हुई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

पोलिश एयरलाइंस विमान की सुरक्षा जांच करते पुलिस और सुरक्षाकर्मी। स्पेन के मर्सिया एयरपोर्ट पर मैनचेस्टर से पहुंची रायनएयर की फ्लाइट को भी बम की धमकी मिली। विमान में क्रू समेत 121 लोग सवार थे। अधिकारियों ने यात्रियों और क्रू की जांच की। विमान की भी तलाशी ली गई, लेकिन कोई विस्फोटक नहीं मिला।

> धमकी मिलने वाले विमानों में रायनएयर, पोलैंड की एलओटी और स्कैंडिनेवियन एयरलाइंस की फ्लाइट शामिल थीं। किसी भी विमान को इमरजेंसी लैंडिंग नहीं करनी पड़ी।

इटली में ईमेल से मिली बम की धमकी

इटली में लिस्बन से रोम जा रही रायनएयर की फ्लाइट को मंगलवार सुबह एक ईमेल मिला, जिसमें विमान में बम होने का जिक्र था।

इसके बाद विमान को रोम के फ्यूमिचिनो एयरपोर्ट पर उतारा गया। पुलिस के बम निरोधक दस्ते ने यात्रियों, क्रू और सामान की जांच की, लेकिन कुछ नहीं मिला।

डबलिन से रोम आ रही रायनएयर की एक दूसरी फ्लाइट को भी इसी तरह की धमकी मिली। इटली की एयरफोर्स ने इस विमान को फ्यूमिचिनो एयरपोर्ट तक एस्कॉर्ट किया। यहां भी जांच में कोई विस्फोटक नहीं मिला।

अमूल ने घी-बटर महंगा किया, 1 किलो घी 50 बढ़कर 680 का हुआ

नकली घी पर कार्रवाई के बाद मांग बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

अमूल ने घी और बटर 3 से 50 रुपए तक महंगा कर दिया है। एक किलो घी का कार्टन 630 से बढ़कर 680 रुपए का हो गया है। बटर के 100 ग्राम पैक की कीमत 63 से बढ़कर 66 रुपए हो गई है।

दाम बढ़ने की वजह गुजरात-राजस्थान में नकली घी के खिलाफ कार्रवाई के बाद ब्रांडेड घी की बढ़ी मांग है। इससे सितंबर 2025 की GST कटौती का फायदा भी काफी कम हो गया है।

सितंबर 2025 में GST की दर घटने के बाद अमूल ने 700 डेयरी प्रोडक्ट्स के दाम कम किए थे। डेयरी प्रोडक्ट्स पर GST 12% से घटाकर 5% किया गया था।

उस समय एक लीटर घी के कार्टन की कीमत 650 से घटकर 610 हो गई थी। पांच लीटर का टिन 3,275 से घटकर 3,075 हो गया

था। बटर के 100 ग्राम पैक की कीमत 62 से घटकर 58 हो गई थी। 500 ग्राम पैक 305 से घटकर 285 का हुआ था।

दाम बढ़ने के साथ लोगों को अमूल के कुछ डेयरी प्रोडक्ट्स मिलने में भी दिक्कत हो रही है। वडोदरा और अहमदाबाद के दुकानदारों ने बताया कि घी का स्टॉक कम चल रहा है। गणेश उत्सव के बाद मांग बढ़ने से काउ घी की उपलब्धता प्रभावित हुई है।

मंगलवार को अहमदाबाद के सैटेलाइट इलाके के एक डी-मार्ट आउटलेट में अमूल घी और बटर का स्टॉक नहीं था। यह दिक्कत सिर्फ गुजरात तक सीमित नहीं है।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96